''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 17 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शुक्रवार, 17 जनवरी 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

# हरियाणा के वरिष्ठ नागरिक सरकारी खर्च पर कर सकेंगे महाकुंभ तीर्थ के दर्शन

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' का विस्तार करते हुए की घोषणा

**सिटिज़न चार्टर को गंभीरता से लागू करें अधिकारी : नायब सिंह सैनी**

**आढ़तिया कमीशन 46 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 55 रुपये प्रति क्विंटल किया, सरकार ने 309 करोड़ रूपए किये जारी**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा शुरु की गई मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत अब गरीब परिवार के बुजुर्गों को सरकारी खर्चे पर प्रयागराज स्थित महाकुंभ तीर्थ के दर्शन करवाए जायेंगे। योजना के तहत सरकार द्वारा प्रत्येक ज़िले से पात्र वरिष्ठ नागरिकों को महाकुम्भ तीर्थ दर्शन के लिए भेजा जायेगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने वर्तमान सरकार के 100 दिन की उपलबधियों को लेकर आज यहां बुलाई गई प्रशासनिक सचिवों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह घोषणा की।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के पात्र बुजुर्गो को अयोध्या में रामलला के दर्शन करवाए गए । इस योजना में श्री माता वैष्णो देवी और शिरडी साई तीर्थ को भी शामिल किया गया है। अब योजना का दायरा बढ़ाते हुए बुजुर्गो को अयोध्या, माता वैष्णो देवी तथा शिरड़ी के अतिरिक्त प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ तीर्थ के भी दर्शन भी करवाए जायेंगे। उन्होंने कहा की कि वर्तमान सरकार के 100 दिन के कार्यकाल में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों के विकास के लिए कई अहम कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने पहले 100 दिनों और अगले पांच वर्षों के जनहित के एजेंडे को बेहतर ढंग से लागू करने के लिए अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की।

**सिटिज़न चार्टर को गंभीरता से लागू करें अधिकारी - नायब सिंह सैनी**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने विभागों में सिटिज़न चार्टर पर विशेष फोकस करते हुए इसे गंभीरता से लागू करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम अनाउंसमेंट पोर्टल को निरंतर अपडेट करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जन संवाद के माध्यम से आये सभी काम या आवेदन को अधिकारी गंभीरता से लेकर उनका समाधान सुनिश्चित करें।

**सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों में करें औचक निरीक्षण**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी प्रशासनिक सचिव अपने-अपने अधीन विभागों में औचक निरीक्षण करें ताकि जनहित के कार्यों में किसी प्रकार का कोई विलम्ब न हो। उन्होंने कहा कि विभागों में पर्सनल हियरिंग से सम्बंधित सभी लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटान करना सुनिश्चित करें। साथ ही, अधिकारी अपने-अपने विभाग की 5 साल की लघु, मध्यम और दीर्घकालीन योजनाओं का टाइमलाइन तय करते हुए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी ई-ऑफिस कार्यप्रणाली को पूर्ण रूप से अपनाते उसे सीएम डैशबोर्ड के साथ लिंक करना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी सरकारी कार्यालय के रिकॉर्ड का रखरखाव करने के लिए भी उचित प्रबंध करना सुनिश्चित करें।

**आढ़तिया कमीशन 46 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 55 रुपये प्रति क्विंटल किया, सरकार ने 309 करोड़ रूपए किये जारी**

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश सरकार द्वारा आढ़तिया कमीशन 46 रुपये प्रति क्विंटल को बढ़ाकर 55 रुपये प्रति क्विंटल किया गया था जिसके तहत अब तक 309 करोड़ से अधिक की राशि आढ़तियों को जारी की जा चुकी है। इसके अलावा, बैठक में अन्य विभागों की जनकल्याणकारी निर्णयों और योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि सभी अधिकारी संकल्प पत्र अनुसार अपने सम्बंधित विभाग में जनहित की योजनाओं की रचना करते हुए जल्द से जल्द इनका क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। बैठक में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक श्री के एम पांडुरंग ने सरकार के 100 दिनों से संबंधित उपलबधियां की विस्तृत रिपोर्ट पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की।

इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ विवेक जोशी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरुण कुमार गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिव व अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव के लिए सेक्टर सुपरवाइजर किए गए नियुक्त : डीसी

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** जिला प्रशासन फरीदाबाद की ओर से आगामी 19 जनवरी को होने वाले हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वार्ड 40, फरीदाबाद के चुनाव के मद्देनजर चुनाव की प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए जिला में बनाए गए बूथों पर सेक्टर सुपरवाइजर नियुक्त किए गए है। फरीदाबाद जिला में छह पोलिंग बूथ बनाये गए हैं।

**यह किये गए नियुक्त :** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वार्ड 40 के लिए नया सामुदायिक केंद्र, सेक्टर 15 फरीदाबाद में सरकारी कॉलेज के लिए एसोसिएट प्रोफेसर कमल कुमार (9999735379), मॉडर्न डीपीएस, सेक्टर 87, फरीदाबाद में सरकारी कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर अनुराग (7827156412), सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बल्लभगढ़ के लिए सरकारी कॉलेज तिगांव के असिस्टेंट प्रोफेसर योगेश कुमार(9785316806), वी.एम हाई स्कूल, जवाहर कॉलोनी, एनआईटी फरीदाबाद के लिए सरकारी कॉलेज फरीदाबाद से असिस्टेंट प्रोफेसर अमित अरोड़ा (8950204680), सरकारी बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एनआईटी- 1, तिकोना पार्क फरीदाबाद में सरकारी कॉलेज फरीदाबाद से असिस्टेंट प्रोफेसर गिरिराज (8376852611) तथा गवर्नमेंट बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एनआईटी 5 फरीदाबाद में गवर्नमेंट कॉलेज फरीदाबाद से असिस्टेंट प्रोफेसर राजबीर (9466968859) को सेक्टर सुपरवाइजर नियुक्त किया गया है।

## हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष आज फरीदाबाद में

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष इंजी. कृष्ण कुमार शुक्रवार, 17 जनवरी को दोपहर 12:00 बजे हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, सम्मेलन केन्द्र, सेक्टर-12, फरीदाबाद में जिले के शहरी सफाई कर्मचारियों एवं ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को सम्बोधित करेंगे। प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में सफाई कर्मचारियों के सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक जीवन एवं ड्यूटी के दौरान आने वाली दिक्कतों की भी सुनवाई करेंगे। वहीं दोपहर 01:30 बजे सफाई कर्मचारियों से सम्बंधित सभी विभागीय अधिकारियों के साथ सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के सभागार कक्ष में बैठक भी करेंगे।

## मानसून सीजन से पहले गुरुग्राम व्यापाक मोबिलिटी मैनेजमेंट प्लान-2020 करवाया जाए पूरा : नरबीर

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुरुग्राम में यातायात नियंत्रण व मेट्रो कनेक्टिविटी से संबंधित इंटर लिकिंग रूट के लिए तैयार की गई व्यापक मोबिलिटी मैनेजमेंट प्लान-2020 से संबंधित गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण तथा गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड से संबंधित ग्रेड सेपेस्टर्स के कार्यो को मानसून सीजन से पहले-पहले पूरा करवाया जाए। मंत्री राव नरबीर सिंह ने जीएमडीए व जीएमआरएल और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण व गुरुग्राम नगर निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम को स्वच्छ व सुगम यातायात आवाजाही शहर बनाना उनका उद्देश्य है। उद्योग की दृष्टि से गुरुग्राम देश के प्रतिष्ठित औद्योगिक शहरों में से एक है।

# सरकारी संरक्षण में अवैध खनन हो रहा नॉन स्टाप : दीपेंद्र हुड्डा

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि प्रदेश में सरकारी संरक्षण में नॉन स्टाप अवैध खनन हो रहा है। बीजेपी सरकार एनजीटी से लेकर कोर्ट तक के आदेशों को भी नहीं मान रही है। सरकार में बैठे लोग दोनो हाथों से लूट रहे हैं। जो पैसा सरकारी खजाने में जाना चाहिए वो खनन माफियाओं के माध्यम से सत्तारुढ़ दल के नेताओं की जेब में जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों की मिलीभगत के बिना संभव ही नहीं कि खनन माफिया ऐसे बेलगाम हों। एनजीटी से लेकर कोर्ट तक खनन माफिया पर नकेल कसने कह चुके हैं लेकिन सरकार उलटे खनन माफिया को शह दे रही है। क्योंकि खनन माफियाओं के तार ऊपर तक जुड़े हैं। ह्रञ्ज कोर्ट के 23 दिसंबर-2015 और 10 जुलाई 2017 के आदेशों में साफ है कि ट्रक, जेसीबी और पोकलेन मशीनों का किसी भी हालत में खनन में इस्तेमाल न किया जाए। इसके बावजूद इनका प्रयोग धड़ल्ले से हो रहा है। जिसके चलते खनन माफिया गगनचुंबी पहाड़ियों को पाताल में बदलते जा रहे हैं। सरकार की तरफ से अवैध खनन नहीं होने देने के तमाम आदेश दिखावटी व फुस्स साबित हो रहे हैं।



दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि बीते करीब 11 वर्षों में यमुना से लेकर अरावली तक हजारों करोड़ के खनन घोटाले को अंजाम दिया जा चुका है। नियमों को ताख पर रखकर अवैध माइनिंग के चलते चरखी दादरी के पिचौपा कलाँ के खनन क्षेत्र में पहाड़ खिसक गया। जबकि इसी इलाके के संबंध में प्रदेश सरकार के एक मंत्री ने दौरा कर यहाँ खनन पूरी तरह से बंद होने का दावा किया था। हाल ही में नूह के रवा गांव में जो पहाड़ गिरा, उसमें 6000 मीट्रिक टन पत्थर के अवैध खनन का आंकलन पाया गया, जिसकी कुल रॉयल्टी व कीमत 15 लाख रुपए आंकी गई है। इस मामले में 23 दिसंबर 2024 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। खनन माफिया इस कदर बेलगाम है कि जब घाटा शम्शाबाद गांव में हरियाणा स्टेट एन्फॉर्समेंट ब्यूरो के अधिकारी अवैध खनन की जांच के लिए पहुंचे को खनन माफियाओं के गुर्गों ने झुंड बनाकर न सिर्फ अधिकारियों पर हमला कर दिया बल्कि खनन कार्य में पकड़े गए ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी जबरदस्ती छुड़ा लिया।

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने आगे कहा कि तोशाम, महेंद्रगढ़, यमुनानगर, नूंह में खनन माफिया खुलेआम लोगों की जान ले रहे हैं। नूह में तो अवैध खनन की वजह से कई बार हादसे हो चुके हैं और लोगों की जान जा चुकी है। यहीं पर अवैध खनन माफिया ने एक डीएसपी तक की जान ले ली थी। डाडम में हजारों करोड़ का खनन घोटाला हुआ है। इससे पहले यहां पहाड़ के दरकने से आधा दर्जन मजदूरों की दबकर मौत हो गई थी।

गौरतलब है कि हरियाणा में 27 ह्य1 2019 को विधानसभा पटल पर रखी गई कैग रिपोर्ट में भी अवैध खनन को उजागर किया गया था। फिर भी खनन माफियाओं के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं हुई। रिपोर्ट में बताया गया कि खनन कार्य से जुड़े ठेकेदारों के प्रति सरकार का रवैया बेहद ढुलमुल रहा है। कई जगह खनन माफिया ने अवैध खनन करके नदी का बहाव तक बदल दिया है। खनन विभाग की लापरवाही के कारण सरकारी खजाने को 1476 करोड़ रुपये की चपत लगी है। खनन माफियाओं ने आवंटित स्थानों के बजाए दूसरी जगह खनन किया। कैग ने अपनी रिपोर्ट में सरकारी कार्यप्रणाली पर उंगली उठाते हुए बताया कि खदान और खनिज विकास एवं पुनर्वास निधि में 49 करोड़ 30 लाख रुपये नहीं जमा करवाने वाले 48 ठेकेदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। टेंडर राशि जमा नहीं करवाने वाले 84 में से 69 ठेकेदारों के खिलाफ भी कोई कदम नहीं उठाया गया। इन ठेकेदारों पर बकाया 347 करोड़ रुपये नहीं वसूले गए। कैग ने 95 खनन क्षेत्रों में से 3 खनन क्षेत्रों का 'जियो स्पेशल सर्वे' करवाया। गुमथला उत्तर खनन ब्लॉक के सर्वे में साफ तौर से साबित हुआ कि खनन ठेकेदार आबंटित क्षेत्र से दोगुने क्षेत्र (204%) में खनन कर रहा था। सीएजी रिपोर्ट बताती है कि राजस्व चुकाए बिना ही ठेकेदार खानों और नदियों का जमकर दोहन कर रहे हैं इससे हरियाणा को करीब 5000 करोड़ का चूना लगा है।

# दिव्यागंजनो और बाल भवन के बच्चों को 200 कम्बल व गर्म स्वेटर वितरित किए

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** स्पेशल एचीवर्स चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मकर संक्राति के पावन अवसर पर सेक्टर-21सी के सामुदायिक भवन में लगभग 200 दिव्यांग जनो और बाल भवन के बच्चों को कंबल व गर्म स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पधारने पर मुख्यअतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,अखिल भारतीय संपर्क टोली सदस्य श्री कृष्ण सिंघल का स्वागत फूलों का गुलदस्ता भेंट कर किया गया। इसके उपरांत सभी अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।



इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री कृष्ण सिंघल व उनकी धर्मपत्नी श्रीमति सुनीता सिंघल, स्पेशल एचीवर्स की फाऊडंर चेयरपर्सन माधवी हंस, ट्रस्टी पंकज हंस, ट्रस्टी टेकचन्द नन्द्राजोग (टोनी पहलवान), चुन्नीलाल चोपड़ा, सोनिका हंस, शालिनी कालरा, सतीश कालरा, कीर्ति राठौर, मनोरंजन तिवारी, शिवम पांडे, राजकुमार शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा व सेक्टर-21सी प्रधान महेन्द्र शर्मा ने अपने हाथों से लगभग दिव्यांग जनो को कंबल व बाल भवन के गरीब बच्चों को गर्म स्वेटर वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश छाबड़ा ने की और मंच संचालन रिजू व्याला द्वारा किया गया। इस अवसर हरियाणा व्हीलचेयर की टीम जिसने दिल्ली की टीम को हराया था उसे भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर श्री कृष्ण सिंघल ने स्पेशल एचीवर्स की फाऊडंर चेयरपर्सन माधवी हंस की प्रंशसा करते हुए कहा कि माधवी हंस वाकई में पुण्य का काम कर रही है और जो आज की महिलाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होनें कहा कि निशक्त जन समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिसे समाज में उचित मान सम्मान दिलाने के लिए माधवी हंस पूरी मेहनत और ताकत से लगी हुई है। इस मौके पर चेयरपर्सन माधवी हंस,ट्रस्टी पंकज हंस व ट्रस्टी टेकचन्द नन्द्राजोग(टोनी पहलवान) ने संयुक्त रूप से कहा कि दिव्यांग लोगों की सहायता और मार्गदर्शन करने के उद्देश्य से स्पेशल अचीवर्स की स्थापना की गई है, यह दिव्यांग लोगों को उनकी जीवनशैली में सुधार लाने के लिए मार्गदर्शन के लिए एक स्वयं समूह के रूप में काम कर रहा है।, स्पेशल एचीवर्स को बनाने का उद्देश्य जहां दिव्यांग व्यक्तियों की सभी ज़रूरतें आसानी से पूरी हो सकें और उन्हें एक खुशहाल, स्वस्थ और सार्थक जीवन जीने में सक्षम बनाया जा सके और उनके सपनों को हासिल करने में सहायता की जा सके। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

# हिट एंड रन मोटर एक्सिडेंट केस में सरकार दे रही है पीड़ितों को आर्थिक सहयोग : डीसी

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** हिट एंड रन मोटर एक्सिडेंट केस में भारत सरकार की ओर से दुर्घटना का शिकार हुए व्यक्ति अथवा उसके पीड़ित परिवार को समय बद्धता सुनिश्चित करते हुए आर्थिक सहयोग दिए जाने का प्रावधान किया गया है। डीसी विक्रम सिंह ने सरकार की ओर से दिए जाने वाले मुआवजे को लेकर आरटीए सचिव व संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि भारत सरकार की ओर से इस प्रक्रिया के लिए पूरी सहयोग स्वरूप व्यवस्था की गई है ताकि पीड़ित परिवार को निर्धारित समयावधि में ही राहत मिल सके।




डीसी ने सरकार की ओर से प्रदत्त मुआवजा राशि को जरूरतमंद तक पहुंचाने में संबंधित अधिकारियों को पूरी सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए ताकि किसी भी रूप से पीड़ित परिवार को परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि उक्त आवेदन वेबसाइट http://www.gicouncil.in/insurance-education/hit-and-run-motor-accidents के माध्यम से भी आवेदन प्रक्रिया अमल में लाई जा सकती है। उन्होंने आरटीए सचिव सहित सभी एसडीएम को सरकार की सहयोग रूवरूप पीड़ित लोगों को दी जाने वाली आर्थिक राशि के लिए प्रभावी रूप से नैतिकता के आधार पर सहयोग करने को कहा।

# हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 88वां जागरूकता कार्यक्रम

## नशे का व्यापार है पाप और अत्याचार, बहुत हुआ बस अब और नहीं : डॉ अशोक कुमार वर्मा

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**यमुनानगर।** नशे का व्यापार पाप और अत्याचार बहुत हुआ बस, अब और नहीं। नशे का प्रचार तस्करों का कारोबार। मृत्यु का सौदा, अब और नहीं। नशे का प्रयोग जीवन से वियोग। जीते जी मृत्यु और दुर्गति, अब और नहीं। नशे के प्रकार तन-मन और धन विकार। बल-बुद्धि का पतन, अब और नहीं। नशे का शौक कलह-क्लेश और निर्धनता रुपी शोक। सुख-शानित का पतन, अब और नहीं। नशे पर प्रहार कर रही है सरकार। नशा और नशे का व्यापार, अब और नहीं। नामक कविता के माध्यम से हरियाणा के युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रतिदिन एक संकल्प के साथ नशा मुक्त हरियाणा अभियान के द्वारा लोगों को जागरूक करने में जुटी हुई है। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और श्रीमती पंखुडी कुमार जी के आदेशानुसार हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। वे एक गाँव से दूसरे गाँव, एक शहर से दूसरे शहर और एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय तक यह अभियान लेकर पहुँच रहे हैं। आज वे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पहुंचे हुए थे। संस्थान के वर्ग अनुदेशक नरेश कुमार की अध्यक्षता में 210 प्रशिक्षणार्थियों 5 अनुदेशकों और 1 अन्य कर्मचारी ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि नशे को प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त नशों में विभाजित किया जा सकता है। दोनों प्रकार के नशे मनुष्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं और भीतर तक को खोखला कर देते हैं तो भी प्रतिबंधित नशे मनुष्य के जीवन के लिए अभिशाप से कम नहीं। यदि ये नशे मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छे होते तो सबसे पहले सरकार इनके लिए लाइसेंस जारी कर देती लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने एक कविता नशा मुक्त हो भारत मेरा ऐसी सोच बनानी है, नशे में ग्रस्त हो रही युवा पीढ़ी मिलकर सबको बचानी है लय में सुनाई। तालियों की गड़गड़ाहट से संस्थान में एक नई उमंग का संचार हुआ। कार्यक्रम के मध्य 9050891508 पर नशा तस्करों की गुप्त सूचनाएं देने के लिए प्रेरित किया। यह यमुनानगर में 88 वां कार्यक्रम था। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गई।



## जियो हजारों साल



सरदार गुरुचरन सिंह का जन्मदिन प्याली चौक पर केक काटकर मनाया इस अवसर पर जाट संस्था के चेयरमैन रघुवीर, पूर्व प्रधान दलजीत मोर, राजेन्द्र मोर, जितेंद्र मोर एवं दीपक त्यागी उपस्थित रहे।

**फोटो: समाचार गेट**

## प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

# महाकुंभ में हरे राम-हरे कृष्णा...पर झूमे विदेशी

## महाकुंभ में आईआरसीटीसी की टेंट सिटी फुल, 24 जनवरी से धीरेंद्र शास्त्री की कथा





प्रयागराज। महाकुंभ में इस्कॉन की शोभायात्रा में विदेश श्रद्धालुओं ने जमकर डांस किया। हरे राम-हरे कृष्ण... भजन पर विदेशी झूमते दिखे। संगम में आज चौथे दिन दोपहर तक 10 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक देश-विदेश से आए करीब 6.10 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। महाकुंभ में आईआरसीटीसी यानी इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन द्वारा तैयार टेंट सिटी 30 जनवरी तक फुल हो गई है। अगर आप अब बुकिंग करवाते हैं तो आपको फरवरी के पहले सप्ताह का इंतजार करना होगा। 24 जनवरी को महाकुंभ में बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री संगम स्नान के लिए पहुंचेंगे। वह 3 दिनों तक कथा करेंगे। उनका दरबार लेटे हुए हनुमान मंदिर के सामने लगेगा। 16 जनवरी से 24 फरवरी तक संस्कृति का महाकुंभ होगा। आज गंगा पंडाल में बॉलीवुड सिंगर शंकर महादेवन अपनी प्रस्तुति देंगे। यमुना, सरस्वती पंडाल में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू होंगे। आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने कहा, ₹महाकुंभ एक सभ्यता है, जिसे आपको चुकना नहीं चाहिए, खासकर अगर आप भारत में पैदा हुए हैं तो आपको महाकुंभ में जरूर शामिल होना चाहिए। आप धार्मिक हो या नहीं, आप आध्यात्मिक हो या नहीं, आप मुक्ति चाहते हो या नहीं...आप कोई भी हो... आपको महाकुंभ में जरूर शामिल होना चाहिए, यह एक ऐसी घटना है जो 8000-10,000 वर्षों से चली आ रही है। महाकुंभ में आस्था का महासमागम हो रहा है। 12 से 16 जनवरी (दोपहर 12 बजे) तक रिकॉर्ड 7 करोड़ से अधिक पूज्य संत, श्रद्धालु और कल्प वासी पवित्र संगम में स्नान कर चुके हैं। वहीं केवल आज शाम 5 बजे तक कुल 25 लाख लोगों ने किया संगम में स्नान किया है। ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के सानिध्य में सेक्टर 19 प्रयागराज कुंभक्षेत्र में 324 कुंडीय गौ प्रतिष्ठा यज्ञ शुरू हुआ। सबसे पहले परमाराध्य ने गौ दर्शन व गौ पूजन किया। हजारों लोगों की मौजूदगी में गोमाता के जयकारों से पूरा पांडाल गूंज उठा। सैकड़ों छोटे बच्चों ने धोती-कुर्ते में परमाराध्य का स्वागत किया। कुंभ क्षेत्र में सबसे बड़ी यज्ञशाला में 324 कुंडीय यज्ञ 1100 विद्वान पंडितों के द्वारा संपन्न होगा। इसमें एक माह में सवा दो करोड़ से ज्यादा आहुतियां दी जाएंगी। शंकराचार्य ने कहा- हमारे देश के 543 सांसद यहां आएं और इस यज्ञशाला की परिक्रमा करें और कुंभक्षेत्र में जो सनातन के अनुयायियों का सबसे बड़ा पर्व है। इसमें घोषणा करें कि हम गोमाता को राष्ट्र माता बनाने के लिए प्रयास करेंगे। भक्ति गायक मैथिली ठाकुर ने महाकुंभ 2025 पर कहा, 144 साल बाद महाकुंभ हो रहा है। यहां आना बड़े सौभाग्य की बात है। आज मैं अपने भजनों के साथ यहां सेवा में रहूंगी। महाकुंभ पर सिंगर शंकर महादेवन ने कहा- आज मेरा सौभाग्य है कि मुझे महाकुंभ में भाग लेने का अवसर मिला है। आज मेरा प्रोग्राम है। 144 साल बाद जो महाकुंभ आया है, उसमें मुझे गाने का मौका मिल रहा है। सभी के जीवन में मुस्कान हो। बद्रीनाथ और केदारनाथ की थीम पर बना कैलाशानंद का आश्रम न सिर्फ स्टीव जॉब्स की पत्नी और मॉडल हर्षा रिछारिया की वजह से चर्चा में है, बल्कि अपने अनोखे थीम से भी लोगों को आकर्षित कर रहा है। 18 दिनों में इस आश्रम को कोलकाता से आए कारीगरों ने तैयार किया है। इस आश्रम में मीडिया सेंटर, श्क्ख कॉटेज और एक हॉल बनाया गया है। इसमें 7 हजार लोगों के बैठने की क्षमता है। कैलाशानंद महाराज के 25 देश में फॉलोअर्स हैं, जो प्रयागराज के कुंभ मेले में भी नजर आएंगे। महाकुंभ में इस्कॉन की शोभायात्रा में विदेश श्रद्धालुओं ने जमकर डांस किया। हरे राम-हरे कृष्ण... भजन पर विदेशी झूमते दिखे। प्रयागराज महाकुंभ में आज चौथे दिन दोपहर तक 10 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया। ऐसे में 13 जनवरी से अब तक देश-विदेश से आए करीब 6.10 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। यूएई की सैली एल अजाब ने कहा- यह एक अद्भुत आयोजन है। यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम है। यहां हर चीज अलग अंदाज में अच्छी तरह से व्यवस्थित है। सुरक्षा के लिए पुलिस मुस्तैद है। सरकार ने सब कुछ बहुत अच्छी तरह से व्यवस्थित किया है। प्रयागराज महाकुंभ में पेशवाई के रथ पर बैठने के बाद चर्चा में आई हर्षा रिछारिया ने संन्यास नहीं लिया है। उनके माता-पिता का कहना है कि मेरी बेटी ने सिर्फ दीक्षा ली है। जल्द ही उसकी शादी करेंगे। एक मीडिया चैनल से बातचीत में मां किरण ने कहा- बचपन से उसका रुझान अध्यात्म की ओर रहा है। बिना नहाए, पूजा पाठ किए, वह स्कूल नहीं जाती थी। 10 साल की उम्र से ही पूजा-पाठ करने के बाद ही कुछ खाती थी। हर्षा के पिता ने कहा- हम 2004 में उज्जैन कुंभ में नहाने आए थे। उसके बाद यहीं के होकर रह गए। हर्षा ने बीबीए की पढ़ाई भी यहीं की। फिर 19 साल की उम्र में वह एंकरिंग की फील्ड में चली गईमहाकुंभ के अखाड़ा सेक्टर में बुधवार देर रात साधुओं ने बिजली विभाग के दो ठेकेदारों सहित 15 लोगों को पीट दिया। पीटने के लिए लाठियां पुलिस कर्मियों से छीन ली। हंगामा होने पर आधी रात मेला अफसर भी पहुंचे। ठेकेदार ने झूंसी थाने में साधुओं के खिलाफ शिकायत की है। बिजली विभाग के स्टोर में यह हंगामा बिजली चली जाने पर हुआ।

# मछली पसंद नहीं आई तो दोस्त को मार डाला

## नुकीले सरिया से किया था हमला, लखनऊ में 4 जनवरी को मिली थी बॉडी

**लखनऊ** । सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में मजदूर रमेश गौतम की हत्या करने वाले को शटरिंग ठेकेदार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम भी रखा था। आरोपी के पास से तीन मोबाइल फोन, दो सिम कार्ड सहित एक मृतक का सिम कार्ड बरामद किया है। लेकिन मृतक का मोबाइल फोन नहीं मिला है। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि मृतक के बेटे हिमांशु गौतम ने केस दर्ज कराया था। हिमांशू ने बताया था कि इंदिरानगर में रहने वाले ठेकेदार रामप्रवेश मौर्य के बुलाने पर करीब दो माह पहले पिता रमेश लखनऊ आए थे। बीती तीन जनवरी की रात करीब 8 बजे मां से बात हुई तब तक पिता सही सलामत थे। फिर अगले दिन यानी कि चार जनवरी की सुबह करीब 9 बजे ठेकेदार रामप्रवेश मौर्य ने फोन करके बताया कि रात 9 बजे राजा यादव निवासी



मित्तुपुर थाना पवई जिला आजमगढ़ रमेश के पास आया था और उसी ने रमेश की मारपीट कर हत्या कर दी है। शव मौके पर अंशल सेक्टर सी/7/74 पर पड़ा है। लेकिन रमेश का मोबाइल गायब है। इस पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश के लिए टीमें लगाई थी। टीम ने बीती बुधवार देर रात आरोपी अनिल यादव उर्फ राजा निवासी अंबरपट्टी अहिराना, मुलुपुर, थाना पवई जनपद आजमगढ़ को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी पर बीती 12 जनवरी को दस हजार का इनाम घोषित किया गया था। पकड़े गए आरोपी अनिल उर्फ राजा ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि तीन जनवरी की रात मछली बनाई थी। लेकिन रमेश ने कहा कि मछली अच्छी नहीं बनी है। इस पर मैंने रमेश को गाली दे दी। विवाद बढ़ा तो पास में पड़ी लोहे की पाइप व नुकीले सरिया से रमेश पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया, आरोपी अपने परिवार से कम मतलब रखता था। परिवार में पत्नी, दो बेटी, तीन बहनें और दो भाई हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह वारदात को अंजाम देने के बाद आसपास के जिलों में मजदूरी कर वापस लखनऊ आया था। तभी पुलिस ने उसे खुर्दही पुल के नीचे किसान पथ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि 3 जनवरी की रात करीब 8 बजे तक रमेश ने अपनी पत्नी से फोन पर बात की थी। अगली सुबह ठेकेदार ने फोन कर बताया कि रात करीब 9 बजे आजमगढ़ के मित्तुपुर निवासी राजा यादव, रमेश के पास आया था और उसी ने मारपीट कर उनकी हत्या कर दी। घटनास्थल से मृतक का मोबाइल फोन भी गायब था। रमेश अपने परिवार का मुख्य कमाने वाला सदस्य था। उनके परिवार में पत्नी संजू देवी, पांच बेटी और एक बेटा है, जिनमें से एक बेटी की शादी हो चुकी है। पूरे परिवार की जिम्मेदारी रमेश पर ही थी।

# राजधानी लखनऊ में मौसम ने मारी पलटी





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में गुरुवार को मौसम में अचानक बदलाव दिखा। शाम को बूंदाबांदी के साथ तेज हवाओं ने सर्दी बढ़ा दी। लोग सड़कों पर ठिठुरते नजर आए। बारिश से अभी और सर्दी बढ़ने के आसार हैं। यूपी के ज्यादातर हिस्से घने कोहरे और ठंड की चपेट में हैं।

मौसम विभाग की मानें तो इस घने कोहरे और ठिठुरन भरी ठंड से फिलहाल कुछ दिन राहत नहीं मिलने वाली। घने कोहरे की वजह से बृहस्पतिवार की सुबह राजधानी लखनऊ समेत प्रयागराज, आगरा आदि शहरों में दृश्यता 50 मी से भी कम रही। ृहस्पतिवार को कई इलाकों में दोपहर बाद गुनगुनी धूप तो हुई लेकिन कोहरे के आगे बेअसर रही। शुक्रवार के लिए मौसम विभाग ने यूपी के 55 जिलों में घना कोहरा छाने की चेतावनी जारी की है।

वहीं बुधवार की रात से बृहस्पतिवार सुबह के बीच पश्चिमी यूपी के कुछ हिस्सों और दिल्ली से सटे जिलों गौतमबुद्ध नगर व गाजियाबाद आदि में छिटपुट बूंदाबांदी देखने को मिली। गलन भरी हवाओं और कोहरे के बीच इस बूंदाबांदी से दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि बृहस्पतिवार से पश्चिमी विक्षोभ का असर कमजोर पड़ने से फिहलाल अब कुछ दिन मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही प्रदेश में गलन भरी पछुआ और घना कोहरा बना रहेगा।

प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड, गौतम बुद्ध नगर, बुलन्दशहर, कासगंज, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में घना कोहरा छाने की संभावना है।

# बरेली-नैनीताल हाइवे पर कार सवारों की स्टंटबाजी

**बरेली।** यूवाओ में रील बनाने का क्रेज इस कदर चढ़ा है कि वो अब कुछ लाइक्स और कमेंट के लिए अपनी जान जोखिम में डाल रहे है। ताजा मामला बहेड़ी थाना क्षेत्र के नैनीताल हाइवे का है। जहां पर करीब आधा दर्जन कारों में सवार युवकों ने चलती कार पर खड़े होकर रील बनाई। सभी युवा हाइवे पर हुड़दंग काटते दिखाई दिए। वहीं इस बीच किसी ने इनका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बरेली के बहेड़ी थाना क्षेत्र में नैनीताल हाइवे पर रीलबाजों ने खतरनाक स्टंट किए। करीब 12 से अधिक कारों में सवार युवाओं ने चलती गाड़ियों पर खड़े होकर स्टंट किए। यह सब उन्होंने सोशल मीडिया पर रील बनाने के लिए किया। तेज रफ्तार गाड़ियों को लहराते हुए इन युवाओं ने हाइवे पर अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया। स्टंटबाजी के दौरान हाइवे पर कई अन्य वाहन चल रहे थे। रील बनाने वाले युवाओं ने बेपरवाह होकर तेज रफ्तार गाड़ियां चलाई और लोगों की जान से भी खिलवाड़ किया। इस खतरनाक हरकत का वीडियो किसी राहगीर ने बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। वीडियो में दिख रहा है कि युवक चलती



गाड़ियों की छतों पर खड़े हैं और सड़कों पर गाड़ियां लहरा रहे हैं। आजकल के युवाओं में सोशल मीडिया पर फेमस होने का जुनून इस कदर हावी हो गया है कि वे अपनी और दूसरों की जान खतरे में डालने से भी नहीं हिचकते। इस घटना में भी युवाओं ने कुछ लाइक्स और कमेंट के लिए कानून और सुरक्षा नियमों की धज्जियां उड़ाई। स्टंटबाजी की यह घटना पुलिस प्रशासन के लिए भी एक बड़ी चुनौती है। हाईवे पर इस तरह की गतिविधियां कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाती हैं। हालांकि, वीडियो के आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई कर सकती है। वही एक तरफ पुलिस लगातार गलत तरीके से वाहन चलाने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही है। उसके बावजूद लोग अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डाल रहे है। ऐसी हरकतें बड़े हादसों को जन्म दे सकती हैं। बरेली-नैनीताल हाइवे पर स्टंटबाजी की यह घटना एक चेतावनी है कि सोशल मीडिया फेम का जुनून जानलेवा साबित हो सकता है।

# थ्री लेयर से सुरक्षित होगा लिंक एक्सप्रेस वे का एप्रोच

**गोरखपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से गोरखपुर को जोड़ने वाले लिंक एक्सप्रेसवे पर आवागमन अभी लगभग 3 महीने बाद ही शुरू हो सकेगा। इस एक्सप्रेस वे पर संचालन पूरी तरह शुरू करने से पहले यूपी इंडस्ट्रियल एक्सप्रेसवेज डेवलपेंट अथारिटी (यूपीडा) सुरक्षा के सभी उपाय कर रहा है। कम्हरिया घाट में यह एक्सप्रेस वे सरयू नदी से होकर गुजरता है। नदी की तेज धारा से एप्रोच मार्ग को दिक्कत हो सकती है इसलिए यूपीडा यहां थ्री लेयर मजबूती प्रदान कर रहा है। 198 करोड़ के इस प्रोजेक्ट से एप्रोच को कोई खतरा नहीं रहेगा। इसको लेकर काम शुरू हो चुका है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे की लंबाई 91.35 किलोमीटर है। गोरखपुर के जैतपुर से शुरू होकर यह एक्सप्रेसवे आजमगढ़ के सलारपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से मिल रहा है। इसकी लागत लगभग 7 हजार 283 करोड़ रुपये है। इसका 98 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। लिंक एक्सप्रेसवे के शुरू हो जाने के बाद गोरखपुर से लखनऊ के लिए वैकल्पिक मार्ग मिलेगा। लगभग 3:30 घंटे**



**में लखनऊ की दूरी तय हो जाएगी। यूपीडा की ओर से बनाई गई कार्ययोजना के अनुसार, एप्रोच के पास नदी में शीट पाइल लगाई जा रही है। यह दीवार की तरह होगी। इसके बाद टेक्सटाइल ट्यूब लगाई जाएगी। अंतिम चरण में ड्रेजिंग कर नदी की धारा को डायवर्ट कर दिया जाएगा। पूरी परियोजना में लगभग ढाई माह का समय लगेगा। लिंक एक्सप्रेसवे को पूरी तरह खोलने से पहले यूपीडा सुरक्षा को लेकर संतुष्ट हो लेना चाहता था। इसी सिलसिले में आइआइटी रुड़की के विशेषज्ञों से इसकी जांच कराई गई। विशेषज्ञों ने बताया कि नदी की धारा तेज है। इसे नहीं मोड़ा गया तो भविष्य में एप्रोच को खतरा हो सकता है। इसके बाद थ्री लेयर मजबूती की कार्ययोजना तैयार हुई। सेतु निगम को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। काम तेजी से चल रहा है। लिंक एक्सप्रेस वे से यात्रा करने वाले लोगों की सुविधा के लिए यूटिलिटी सेंटर बनाए जाएंगे। इसके लिए दो स्थानों पर 30-30 एकड़ जमीन सुरक्षित की गई है। दोनों के बीच की दूरी 30 किलोमीटर है। एक सिकरीगंज के पास तो दूसरा आजमगढ़ में होगा। यहां पेट्रोल पंप, सीएनजी पंप, होटल, रेस्टोरेंट व वाहनों की मरम्मत के लिए गैराज बनाए जाएंगे।**

## संक्षिप्त डायरी

### विद्युत एक्सीएन डी० एन० प्रसाद की मेहनत की बदौलत 43 बकायादारों में 39 ने मौके पर भुगतान जमाकर ओटीएस स्कीम का उठाया फायदा





**संवाददाता**


**हमीरपुर** । उत्तर प्रदेश हमीरपुर के विद्युत एक्सीएन डी.एन.प्रसाद की मेहनत ला रही है रंग। जिसके चलते ओटीएस स्कीम को कामयाब बनाने के इरादे से कुरारा में अभियान चलाकर 43 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गये, जबकि 39 बकायेदारों ने मौके पर बकाया जमाकर ओटीएस स्कीम का उठाया फायदा। विद्युत एक्सीएन डी.एन.प्रसाद ने बताया कि अभियान बराबर जारी रहेगा।विद्युत एक्सीएन ने डी०एन०प्रसाद ने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि सरकार की इस योजना को कामयाब बनायें, अभियान लगातार जारी रहेगा, ज्यादा से ज्यादा लोग इस अभियान का फायदा उठायें अभियान के दौरान ,सीए पवन कुमार, जेई अभिषेक साहू, टीजीटू धर्मेंद्र सहित विद्युत स्टाफ मौजूद रहा ।

### बीएससी नर्सिंग के छात्र ने दी जान



**शाहजहांपुर** । नर्सिंग छात्र कृष्णा गुप्ता (20 वर्ष) ने फंदे से लटककर जान दे दी। परिजनों के मुताबिक वह तीसरे सेमेस्टर में फेल होने के चलते परेशान था। बृहस्पतिवार को उसने व्हाट्सएप पर एंड लिखकर स्टेट्स लगाया। इसके बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी है। लखीमपुर खीरी जिले के बिजुआ कस्बा निवासी विनीत गुप्ता का पुत्र कृष्णा गुप्ता फ्लोरेंस नाइटिंगल कॉलेज में बीएससी नर्सिंग के दूसरे वर्ष के तीसरे सेमेस्टर का छात्र था। तीसरे सेमेस्टर में वह फेल हो गया था। बताते हैं कि बृहस्पतिवार को छात्रों को कॉलेज में बुलाया गया था। फेल होने से हताश होने पर कृष्णा समारोह से निकलकर चौक कोतवाली के मदराखेल स्थित अपने किराये के कमरे में पहुंच गया। उसने अपने व्हाट्सएप के स्टेट्स पर एंड लिखा। सहपाठी छात्रों ने उसका स्टेट्स देखा तो अनहोनी की आशंका में तुरंत उसके कमरे पर पहुंचे। बाहर से अंदर झांका तो उसका शव लटका हुआ था। कमरे का दरवाजा तोड़कर छात्रों ने उसे उतारा और सीपीआर दी। इसके बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजन को सूचना दी। परिजन शाहजहांपुर के लिए रवाना हो गए।

### शंकराचार्य बोले : महाकुंभ में ही होगा हिंदू शब्द के दुष्प्रचार का अंत, परमधर्म संसद ने जारी किया धमार्देश



**प्रयागराज।** ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि हिंदू शब्द प्राचीन है। वेदों में भी इसके प्रमाण हैं और वर्णन भी मिलता है। हिंदू शब्द को लेकर जो भ्रामक प्रचार किया जा रहा है वह गलत है। हिंदू शब्द के लिए होने वाले इस दुष्प्रचार का निवारण महाकुंभ में ही होगा। हिंदू शब्द का वेदों के साथ ही स्मृतियों, पुराणों और तंत्र साहित्य में भी उल्लेख मिलता है। सेक्टर 19 मोरी रोड पर आयोजित परमधर्मसंसद 1008 में हिंदू और हिंदू आचार संहिता पर चर्चा के बाद परमधमार्देश जारी हुआ। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि हिंदू शब्द आधुनिक या विदेशियों की देन नहीं है। भारत के विभाजन के समय हिंदू शब्द के दुष्प्रचार से कई लोगों ने अपने को हिंदू न गिनवाकर आर्य गिनवाया। यही कारण है कि हिंदुओं की संख्या कम होने से पंजाब का वह प्रांत जो हिंदुस्तान में रहना चाहिए था, पाकिस्तान में चला गया।

परमधर्मसंसद 1008 सभी सनातन वैदिक हिंदू आर्य परमधर्म के मानने वालों के लिए यह परमधमार्देश जारी करती है कि हिंदू शब्द वैदिक है और वेदों से ही उत्पन्न हुआ है। एक मात्र हिंदू संस्कृति में ही यज्ञ, यागादि, सर्वविध इष्टापूर्त सम्बन्धी अनुष्ठानों में, श्राद्धादि पितृकार्य में, आयुर्वेदिक उपचारों में गाय का दूध ही ग्राह्य माना जाता है। अन्य लोग तो केवल दूध मात्र के इच्छुक हैं फिर चाहे वह पशु को डरा-धमका कर अथवा मशीनों के द्वारा ही जबरदस्ती क्यों न निकाला गया हो। हिंकार करती गाय को दुहने वाली जाति हिंदू है। शंकराचार्य ने कहा कि अथर्व वेद और स्मृति के अनुसार हिंसा से जो दुखी होता है। सदाचार के लिए जो तत्पर है ऐसे गाय, वेद और प्रतिमा की सेवा करने वाले वर्णाश्रमधर्मी हिंदू हैं। इसलिए हिंदू वह है जो हिंसा से दूर रहे,सदाचार में तत्पर हो,गो सेवक, वेदनिष्ठ,मूर्तिपूजा में श्रद्धान्वित और वर्णाश्रम पालक हो। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि सनातन वैदिक हिंदू धर्म की आचार संहिता में आचार्य स्नातक को माता-पिता, आचार्य और अतिथि को देव मानकर उनकी सेवा करने का विधान है। वृद्ध स्मृति तैत्तिरीय उपनिषद की शिक्षावल्ली में इसका वर्णन मिलता है। यज्ञ, श्राद्ध, वेद अध्ययन हिंदुओं की आचार संहिता का मूल है। हिंदुओं को इसी अनुसार वेद, स्मृति और सदाचार के अनुसार आचरण करना चाहिए। परमधर्म संसद में शंकराचार्य ने कहा कि हर हिंदू को सामान्य धर्मों का पालन करने के साथ-साथ अपना नाम, पिता, दादा का नाम, गोत्र, प्रवर, वेद, शाखा, शिखा, सूत्र, कुलदेवी, देवता की जानकारी होना जरूरी है। इसके साथ ही कंठी या जनेऊ संस्कार, तिलक, चोटी धारण करना और हिंदू तिथि से मनाए जाने वाले पर्व मनाना अनिवार्य है। सदन में दयाशंकर महाराज, आशु पांडेय, संजय जैन, विदिशा से अशोक कुमार सहित कई धर्मसांसदों ने चर्चा में हिस्सा लिया।

# इनेलो नेता चौधरी ताहिर हुसैन ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर किया निरीक्षण

## किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए करेंगे दिन-रात प्रयासरत: ताहिर हुसैन एडवोकेट



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** बृहस्पतिवार को युवा इनेलो नेता चौधरी ताहिर हुसैन एडवोकेट ने नूँह विधानसभा के बाढ़ व सैम ग्रस्त क्षेत्रों जिनमें प्रमुख रूप से आलदूका, दुबालू, हसनपुर, उलेटा, कुर्थला, गांगोली ,सूड़ाका आदि दर्जनभर गाँवों बाढ़ व सैम ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर किसानों व ग्रामवासियों की इस बड़ी समस्या का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के बाद मौके पर ही इनेलो नेता ताहिर हुसैन ने सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों से बात कर उपरोक्त गाँवों में ग्रामवासियों व किसानों की इस समस्या का स्थाई समाधान निकालने के लिए कहा, जिस पर विभाग के अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही किसानों की इस गंभीर समस्या का समाधान निकाला जाएगा।

ताहिर हुसैन ने कहा कि विधानसभा के दर्जनभर इन गाँवों में बाढ़ व सैम की गंभीर समस्या है। इसके स्थाई समाधान के लिए वे दिन-रात प्रयासरत हैं। पहले भी उन्होंने किसानों की समस्या का हल कराया है। अब भी वे किसानों की इस समस्या को हल करवाने के लिए भरसक प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि बाढ़ व सैम ग्रस्त की समस्या के स्थाई समाधान के लिए वे जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उनके समक्ष इस गंभीर समस्या को रखेंगे। उन्होंने कहा कि आज उन्होंने सभी गाँवों का दौरा कर किसानों व ग्रामवासियों की समस्या को मौके पर जाकर देखा है। वे इसे हल कराने के लिए पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की हर समस्या के समाधान के लिए वे दिन-रात प्रयासरत हैं।

उल्लेखनीय है कि उपरोक्त गाँवों में बाढ़ व सैम की गंभीर समस्या है। इन गाँवों की सैंकडों एकड़ जमीन में बाढ़ जैसे हालात हैं। किसानों की जमीन में खेती नहीं हो पा रही है। इस अवसर पर उनके साथ सिंचाई विभाग के एसडीओ सुरेश कुमार,राजकुमार जेई, ग्रामवासी जुबैर खान जेई,योगेश शर्मा ,मुकेश नंबरदार, बी. डी. शर्मा,शिवराम, रघुनंदन,संजय नंबरदार, जयपाल, संजय फौजी, वेदपाल गांगोली एल,दीपक, विनोद ,सतबीर , हरिसिंह बघेल,ज़ाकिर प्रधान, अली सुडाका, आरिफ,सलीम आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली चुनाव प्रचार में जुटे आफताब अहमद, मुदित अग्रवाल का नामांकन कराया

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** दिल्ली विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस जी जान से जुट गई है और हरियाणा के दिग्गज नेता भी दिल्ली चुनाव में उतर गए हैं। नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद को कांग्रेस आलाकमान ने चाँदनी चौक विधानसभा का प्रभारी नियुक्त करते हुए दिल्ली चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी है।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी खुद दिल्ली चुनाव प्रचार प्रसार में जुट गए हैं। बृहस्पतिवार को चाँदनी चौक विधानसभा में दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष जेपी अग्रवाल के पुत्र मुदित अग्रवाल का चाँदनी चौक से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में नामांकन कराया जिस दौरान जेपी अग्रवाल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, प्रदीप जैन पूर्व केंद्रीय मंत्री, मिर्जा जावेद अली जिला अध्यक्ष सहित सैंकडों लोग मौजूद थे।



आफताब अहमद विधायक नूंह ने दिल्लीवासियों से कांग्रेस प्रत्याशी के लिए वोट की अपील की। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि आमजन में कांग्रेस के प्रति उत्साह है, आप सरकार से लोग तंग हैं तो बीजेपी संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प है जिस में सभी वर्गों के हित सुरक्षित हैं। जब जब कहीं भी कोई आपदा आई है कांग्रेस पार्टी व उसके नेता जनता के हितों के लिए सबसे आगे रहे हैं। विधायक आफताब अहमद ने राहुल गांधी की बात पर जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी और कांग्रेस नेता हर भारतीय के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं और आगे भी रहेंगे। आफताब अहमद ने कहा कि दिल्ली को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया था।

## स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नगर निगम ने अलग अलग मामलों में किए 83 चालान




**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** 16 जनवरी नगर निगम फरीदाबाद द्वारा अलग-अलग जॉन में सफाई विभाग द्वारा खुले में गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित पॉलीथिन सहित लगभग 83 चालान किए हैं। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के मिशन को पूरा करने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश भर में स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी दिशा में नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के मार्गदर्शन में फरीदाबाद नगर निगम द्वारा भी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है और नियम तोड़ने वाले लोगों पर कार्रवाई भी की जा रही है। नगर निगम सेकेट्री एवं सिंगल यूज प्लासटिक के नोडल अधिकारी जयदीप सिंह ने बताया कि विभाग के वरिष्ठ सफाई निरक्षक बिशन तेवतिया और उनकी टीम ने एनआईटी 86 बड़खल क्षेत्र में 37 चालान ,ओल्ड जॉन 1 और 2 में 29 चालान और बल्लभगढ़ जॉन में 17 चालान किए गए हैं जिनमें प्रतिबंधित पॉलिथिन के 63 कूड़े फैलाने के 10 चालान, ऑ डी का 1, खुले में आग जलाने के 6 और अवैध मीट बेचने पर 1 और डेरी का 1 चालान किया गया हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। निगम सेकेट्री ने लोगों से अपील की है कि खुले में जगह जगह कूड़ा न डालें और प्रतिबंधित पॉलिथीन के प्रयोग से बचे,ताकि फरीदाबाद शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

## प्रॉपर्टी मालिकों पर निगम की कार्यवाही 5 यूनिट सील



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** 16 जनवरी नगर निगम के कराधान विभाग फरीदाबाद जॉन 1 में प्रॉपर्टी टैक्स की बड़ी बकाया राशि जमा न कराने वाले प्रॉपर्टी मालिकों की यूनिटें सील की गई हैं। इन यूनिटों पर लगभग 15 लाख से ज्यादा का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया था।नगर निगम द्वारा यह सीलिंग की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। बता दें कि निगम द्वारा पहले ही प्रॉपर्टी के बकाया टैक्स मालिकों को नोटिस दिए जा चुके थे लेकिन उसके बाद भी कुछ लोगों ने टैक्स जमा नहीं कराया था। ये यूनिट छज्जन नगर,सेक्टर 12 स्थित 2 मॉल के अंदर चलने वाली शॉप्स और सेक्टर 12 के एक बैंकेट हॉल के अलावा सेक्टर 10 में एक गोदाम को सील किया गया है। निगम के एडिशनल कमिश्नर स्वपलिन रविंद्र पाटिल ने सभी क्षेत्रीय एवं कर अधिकारियों को इस मामले में दिशा निर्देश दिए हैं कि जिन लोगों के पास प्रॉपर्टी टैक्स की बड़ी राशि बकाया है उन्हें तुरंत प्रभाव से सील किया जाए और यह अभियान लगातार जारी रखें।

**अपील:** नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने कहा कि आमजन से अपील की कि वह समयानुसार अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाएं। ताकि वह निगम द्वारा की जाने वाली आगामी कार्यवाही से बच सके। उन्होंने कहा की नगर निगम को प्राप्त होने वाला यह टैक्स शहर के विकास के लिए प्रॉपर्टी मालिको से लिया जाता है। समय पर टैक्स जमा होगा तो शहर का विकास भी बेहतर होगा।

# श्रीमद् भागवत कथा के छठ दिन हुआ श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** गौ मानव सेवा ट्रस्ट के तत्व धान में आयोजित भव्य श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन आज नन्दी ग्राम गोशाला में श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह की कथा का उद्बोधन हुआ। कथा श्रोता व्यास पीठ पर उदासीन महंत श्री सीताराम दास जी महाराज के श्री मुख से सुंदरवाणी में कथा सुनकर अभिभूत हुए आज कथा के मुख्य अतिथि श्री दयाचंद यादव पूर्व पार्षद श्री धर्मपाल यादव उद्योगपति व समाजसेवी का आगमन हुआ कथा व्यास जी का स्वागत सम्मान किया मुख्य अतिथि ने गौशाला की ट्रालियों को रिपेयर करवाने की घोषणा की। गौरव कटारिया सीए व दीपक जी की विशेष उपस्थिति रही रूपेश यादव जी ने समस्त अतिथियों का स्वागत सत्कार किया व प्रसाद वितरण किया।




## सीवर ओवरफ्लो की समस्या का समाधान



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद नगर निगम के बल्लभगढ़ जॉन में भगत सिंह कॉलोनी,ऋषि नगर में सीवर ओवर फ्लो की समस्याओं को दूर करने के लिए निगम की टीम ने जेटिंग मशीन के माध्यम से समस्या को दूर कर स्थानीय निवासियों को राहत दिलाने का काम किया है। नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्री निवास के दिशा दिशा निर्देशों पर अधिकारियों ने कार्यवाही अमल में लाते हुए साफ सफाई व्यवस्था और सीवर की समस्या से लोगों को राहत देने का काम किया है। नगर निगम विभाग हमेशा शहरवासियों की मूलभूत सुविधाओं से संबंधित शिकायतों को दूर करने के लिए कार्य करता है और शिकायत मिलने पर तुरंत समस्या का समाधान करने के लिए तत्पर रहता है नया वार्ड 41 में सम्बनधित जेई करण सिंह ने सीवर ओवर फ्लो की समस्याओं को दूर करने का काम किया है,वहीं कुछ एरिया में एफएमडीए द्वारा मेन सीवर लाइन की सफाई का कार्य चल रहा है जो जल्द पूरा हो जाएगा उसके बाद सीवर ओवर फ्लो की समस्या समाप्त हो जाएगी।

# हर कार्यदिवस लगाए जा रहे समाधान शिविर का आमजन उठाएं लाभ : एसडीएम प्रदीप अहलावत

### समाधान शिविर में आई 09 शिकायतों निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में हर कार्यदिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक नूंह, तावडू व फिरोजपुर झिरका तथा पुन्हाना लघु सचिवालय में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों का आमजन को लाभ उठाना चाहिए। यह बात एसडीएम नूंह प्रदीप अहलावत ने जिला सचिवालय स्थित सभागार में वीरवार को लगाए गए समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनने के दौरान कही। उन्होंने बताया कि इन समाधान शिविरों में पेंशन, फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी, बिजली व पुलिस सहित अन्य विभागों से संबंधित 09 शिकायतें आई शिकायतों के समाधान क लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशदए गए हैं।



एसडीएम प्रदीप अहलावत ने बताया कि समाधान शिविरों में मौके पर ही आमजन की शिकायतों का समाधान करवाने के लिए सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं। अधिकतर शिकायतों का तुरंत प्रभाव से समाधान करवा दिया जाता है, जो शिकायतें लंबित रहती है उनके लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द समाधान करवाने के निर्देश दिए जाते हैं। उन्होंने जिले के लोगों से आह्वन किया वे इन शिविरों का लाभ उठाएं।

## लापता 7 नाबालिक बच्चों को पुलिस टीम ने मथुरा से किया तलाश



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** बता दे कि 14 जनवरी को पुलिस चौकी संजय कॉलोनी में गांव गौच्छी के कुछ लोगों ने अपने बच्चों के घर से बिना बताए निकल जाने की सूचना दी थी। जिसके संबंध में पुलिस चौकी इंचार्ज बिजेंद्र सिंह ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक पुलिस टीम नियुक्त की। गुम हुए सभी बच्चे 7 से 10 कक्षा के छात्र जो 13 से 15 साल के है। पुलिस टीम के द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए टीम ने बच्चो की फोटो की मदद से आस-पास के एरिया में पूछताछ के बाद पता चला की बच्चे ओल्ड रेलवे स्टेशन की तरफ गए है। ओल्ड रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर लोगो से पूछताछ की जहां से पता चला की बच्चे स्टेशन पर आस-पास देखे है। स्टेशन पर दुकानदारों व लोगों से पूछताछ में सामने आया कि कुछ बच्चे एक साथ ट्रेन में बैठकर गए है। जिसके बाद परिजनों ने बताया कि एक लडके के मामा मथुरा में है। जहां पर फोन करने से पता चला की सातों बच्चे गांव खामनी में है। जिनको पुलिस टीम ने तलाश कर परिजनों के हवाले किया है। परिजनों के द्वारा पुलिस टीम का धन्यवाद किया।

# सक्षम युवा योजना के लिए करें आवेदन : जिला रोजगार अधिकारी

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला रोजगार अधिकारी श्याम सुंदर रावत ने बताया कि रोजगार विभाग हरियाणा द्वारा पात्र बेरोजगार युवाओं के लिए सक्षम युवा योजना चलाई जा रही है।

इस योजना के अंतर्गत बारहवीं से लेकर स्नातकोत्तर तक शैक्षिक योग्यता रखने वाले बेरोजगार युवा जिन्होंने अपनी शैक्षिक योग्यता हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड या केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त हरियाणा राज्य में स्थित विद्यालयों या स्नातक व स्नातकोत्तर की डिग्री हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ में स्थित विश्वविद्यालयों से संबद्ध कॉलेज से या पंजाबी विश्वविद्यालय जालंधर से रेगुलर विद्यार्थी के रूप मैं प्राप्त की हो, इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके तहत 21 से 35 वर्ष ( बारहवीं के लिए 18 से 35 वर्ष) के सभी पात्र बेरोजगार युवा रोजगार विभाग की वेबसाइट www.hreyahs.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के लिए आवेदन करने वाला प्रार्थी रोजगार विभाग में पंजीकृत होना चाहिए। इस योजना के तहत 900 रुपए से लेकर 3000 रुपए तक बेरोजगारी भत्ते के साथ विभागों की आवश्यकता अनुसार अधिकतम 100 घंटे प्रति माह मानद कार्य भी उपलब कराया जाता है जिसके लिए अधिकतम 6000 रुपए प्रति माह मानदेय प्रदान किया जाता है। विस्तृत जानकारी के लिए प्रार्थी विभाग की वेबसाइट www.hreyahs-gov.in या जिला नूंह में अनाज मंडी स्थित रोजगार कार्यालय या अपने नजदीकी रोजगार कार्यालय से संपर्क कर सकता है।

उन्होंने जिला नूंह के सभी बेरोजगार युवाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में सक्षम युवा योजना का लाभ उठाएं।

# ट्रेफिक एडवाइजरी यातायात मार्ग रूट परिवर्तन

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि जिला फरीदाबाद में चिमनी बाई चौक पर रोड का निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। उपरोक्त निर्माण कार्य के दौरान चिमनी बाई चौक से मुल्ला होटल चौक, चिमनी चौक से श्वस्ड्ढ चौक, चिमनी बाई चौक से छ्वस्ह्रक्क हृड्डञ्ज ऑफिस, और चिमनी बाई चौक से क्च्य चौक रोड के निर्माण के लिए यातायात मार्ग का रूट परिवर्तन आवश्यक है। इस निर्माण कार्य के दौरान नागरिकों की सुरक्षा एवं यातायात के सुगम संचालन को मध्यनजर रखते हुए यातायात पुलिस द्वारा अगले आदेश तक उपरोक्त मार्गों का रूट परिवर्तन किया गया है। यातायात पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि उपरोक्त निर्माण कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए निम्नलिखित एडवाइजरी का पालन करें।




बल्लभगढ़ से गुरुग्राम की तरफ़ जाने वाले भारी वाहन चालक बाटा चौक से हार्डवेयर चौक से प्याली चौक से मस्जिद चौक से होते हुए फरीदाबाद गुरुग्राम रोड का इस्तेमाल करें।

बल्लभगढ़ से गुरुग्राम की तरफ़ जाने वाले हल्के वाहन चालक मस्जिद चौक से ESI चौक से नीलम फ्लाईओवर होते हुए फरीदाबाद गुरुग्राम रोड का इस्तेमाल करें। यातायात पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है यातायात के सुचारू प्रवाह के लिए दर्शाए गए रूट मैप का प्रयोग करें।

## नाम परिवर्तन

मैं, हरपाल सिंह पुत्र श्री राम किशन निवासी गांव फतेहपुर बिल्लौच, तहसील बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद, हरियाणा (121004) ने अपना नाम हरपाल से बदलकर हरपाल सिंह कर लिया। भविष्य में मुझे हरपाल सिंह के नाम से ही जाना जाए।

## संपादकीय

# पाक-बांग्लादेश की नजदीकी भारत के लिये खतरा है




नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से लगातार भारत विरोधी गतिविधियों एवं कारगुजारियों एवं षडयंत्रों में संलग्न है, लगता है पाकिस्तान के शह पर बांग्लादेश का भारत विरोधी रवैया बढ़ रहा है। बांग्लादेश में लगातार भारत विरोधी मुहिम व अल्पसंख्यक हिन्दुओं एवं हिन्दू धर्मस्थलों पर हिंसक हमलों के बाद अब भारत सीमा पर बाड़बंदी को लेकर बेवजह का विवाद खड़ा किया जा रहा है। जबकि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच पहले ही सहमति बनने के बाद बड़े हिस्से पर बाड़बंदी हो चुकी है। लेकिन टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों की आपसी संबंधों को नेस्तनाबूंद कर रहे हैं। बांग्लादेश भारत की शांति व सद्भाव की कामना एवं सहनशीलता को उसकी कमजोरी न माने, ऐसी भूल बांग्लादेश के लिये बहुत भारी पड़ सकती है। दोनों देशों की शांति, सद्भावना एवं सौहार्द के लिये किसी तीसरे देश के दखल को बढ़ने न दिया जाये। 2015 में शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ढाका पहुंचे। यहां दोनों नेताओं ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। इसे लैंड बाउंड्री एग्रीमेंट कहते हैं। इसी के अन्तर्गत भारत ने अब तक 3271 किलोमीटर सीमा कर बाड़बंदी कर दी है। अब केवल 885 किलोमीटर खुली सीमा की बाड़बंदी बाकी है। भारत बचे इलाके की बाड़बंदी कर रहा है लेकिन बांग्लादेश भारत की कोशिशों में अड़ंगा डाल कर दोनों देशों के बीच हुए समझौते को नकार रहा है। बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर विरोध व्यक्त किया तो इसके जवाब में भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की और बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नूरूल इस्लाम को तलब कर अपना विरोध जताया। भारत अपनी सीमाओं को अभेद्य बना रहा है। सीमाओं के खुले रहने से बांग्लादेश से लगातार अवैध घुसपैठ, हथियारों की तस्करी, ड्रग स्मगलिंग, नकली नोटों का कारोबार और आतंकवादी गतिविधियां लगातार हो रही हैं। विशेषत: पाकिस्तान अब अपनी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिये बांग्लादेश का उपयोग कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश की युनूस सरकार पाकिस्तान के इशारों पर पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। निश्चित ही पाक से उसकी नजदीकियां लगातार बढ़ी हैं और वहां पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है, ऐसी जटिल होती स्थितियों में भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए एवं अपनी सीमाओं को सुरक्षित बनाना ही चाहिए। पाकिस्तान पंजाब, जम्मू-कश्मीर व नेपाल के रास्ते आतंकवादियों को भारत भेजने की कोशिशें लगातार करता रहा है, अब उसने बांग्लादेश को भी इन गतिविधियों के लिये चुना है एवं बांग्लादेश से लगी भारत की खुली सीमा का दुरुपयोग कर रहा है तो भारत को सतर्क एवं सावधान होना ही चाहिए। पाकिस्तान से लगती सीमा पर तमाम चौकसी के बाद भी सीमा पार से जिस तरह जब-तब आतंकियों की घुसपैठ होती रहती है, वह गंभीर चिंता की बात है। जब पाकिस्तान से लगती सीमा भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई है, तब यह शुभ संकेत नहीं कि बांग्लादेश से लगी सीमा भी भारत के लिए चिंता का कारण बने।

# गोतस्कारों से पूछताछ के बाद किया एसडीजेएम कोर्ट में पेश

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सदर थाना पुलिस टीम द्वारा काबू किए गए तीन गोतस्करों को बृहस्पतिवार को एसडीजेएम कोर्ट कनीना में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सदर थाना इंचार्ज इंस्पेक्टर मुकेश कुमार ने बताया कि कैंटर से ठूंस-ठूंस कर भरे 13 गोवंश से भरे कैंटर को पुलिस टीम ने नैशनल हाइवे 152डी के रेस्ट एरिया खरकडा बास के समीप से काबू किया था। उपर लगे तिरपाल युक्त इस कैंटर की जांच की तो एक फुट उंचाई तक बजरी मिट्टी डाली हुई थी जिससे गायों का मूत्र नीचे न टपक सके ओर उनके पैरों की आवाज वाहन से बाहर सुनाई न दे सके। पुलिस पूछताछ में तीनों आरोपियों ने इन गायों को सरहंद मंडी, जिला फतेहगढ, पंजाब की डेरी से पीछे से वाहन में भरा था जो गोकशी के लिए अलवर, राजस्थान लेकर जा रहे थे। पुलिस ने इन गोवंश को बाबा हेमादास गौशाला भोजावास में पशु चिकित्सक से परीक्षण करवा कर छोडा गया है। जहां उनकी हालात खतरे से बाहर बताई गई है। पुलिस द्वारा काबू किए गए तीन आरोपियों चाहत निवासी बडाली, जिला फतेहगढ साहिब, पंजाब, अमरीक सिंह वासी राजपुरा,पटियाला पंजाब व हनीसिंह वासी अलीपुर रोड पटियाला पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरूद्ध पशु क्रूरता सहित हरियाणा गोवंश संरक्षण एवं गोसंवर्धन एक्ट 2015 की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। तीनों आरोपियों को कोर्ट में किया गया जहां कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# सैनिक स्कूल में कक्षा छठी व 9वीं के दाखिले के लिए तक बढ़ाई ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तीथि

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** देश व प्रदेश के विभिन्न सैनिक स्कूलों में अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (एआईएसएसईई) 2025 के माध्यम से वर्ष 2025-2026 के लिए कक्षा छठी व कक्षा नौवीं में दाखिले के लिए 13 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसकी अंतिम तीथि बढ़ाकर अब 23 जनवरी कर दी गयी है। पात्र अभ्यर्थी वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एग्जाम्स डॉट एनटीए डॉट एसी डॉट आईएन/ एआईएसएसईई/ पर आगामी 23 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा ओएमआर शीट पर बहुविकल्पीय प्रशनावली के रूप में होगी। प्रवक्ता ने यह जानकारी देते बताया कि कक्षा छठी में प्रवेश हेतु छात्रों की जन्मतिथि पहली अप्रैल, 2013 तथा 31 मार्च, 2015 (दोनों तिथियां मान्य) तथा कक्षा नौवीं में प्रवेश हेतु छात्रों की जन्मतिथि पहली अप्रैल, 2010 तथा 31 मार्च, 2012 (दोनों तिथियां मान्य) के बीच होनी चाहिए। कक्षा छठी व 9वीं में दाखिले अनुमानित सीटों पर होंगे हैं, जोकि कभी भी घटाए या बढ़ाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 67 प्रतिशत सीटें हरियाणा के बच्चों के लिए तथा 33 प्रतिशत सीटें अन्य राज्यों के लिए आरक्षित हैं। प्रवक्ता ने बताया कि छठी कक्षा में प्रवेश के लिए गणित, सामान्य ज्ञान (विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन), भाषा और बुद्धि परीक्षण (इंटेलिजेंस) विषयों से संबंधित 125 प्रश्न पूछे जाएंगे। यह परीक्षा कुल 300 अंकों की होगी और इसकी समयावधि 150 मिनट होगी। इसी तरह 9वीं कक्षा में प्रवेश के लिए गणित, अंग्रेजी, बुद्घि परीक्षण (इंटेलिजेंस), सामान्य विज्ञान और सामाजिक अध्ययन विषयों से संबंधित 150 प्रश्न पूछे जाएंगे। यह परीक्षा कुल 400 अंकों की होगी और इसकी समयावधि 180 मिनट होगी। अभ्यर्थी को वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एग्जाम्स डॉट एनटीए डॉट एसी डॉट आईएन/ एआईएसएसईई/ पर केवल ऑनलाइन आवेदन करना होगा और ऑनलाइन फार्म जमा करवाने की अंतिम तिथि 23 जनवरी है।

# एसडीएम द्वारा कांग्रेस के युवा हलका अध्यक्ष के विरूद्ध दर्ज करवाए गए केस की कोर्ट में हुई अंतिम सुनवाई

### एसडीजेएम कोर्ट ने एसडीएम के आरोपों में नहीं मिली सच्चाई, ससम्मान बरी

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना के तत्कालीन एसडीएम संदीप सिंह द्वारा वर्ष 2017 में कांग्रेस के युवा हलका अध्यक्ष राजकुमार यादव के विरूद्ध दर्ज करवाए गए केस की बृहस्पतिवार को एसडीजेएम कोर्ट में अंतिम सुनवाई। जिसमें कोर्ट ने राजकुमार को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया। एसडीजेएम कोर्ट के न्यायधीश विशेष गर्ग की अदालत ने आरोपों की गहनता से सुनवाई करते हुए उन्हे बाइज्जत बरी कर दिया।



राजकुमार के अधिवक्ता बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधन ओपी यादव रामबास ने बताया कि वर्ष 2017 में कनीना मंडी की ओर जाते समय रोडी से भरा एक ट्रक नाले में गिर गया था, इस नाले का निर्माण कार्य नगरपालिका प्रशासन द्वारा करवाया जा रहा था। हादसा होने के बाद नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासक एसडीएम पर नाला निर्माण में हल्की सामग्री का इस्तेमाल करने के आरोप लगाकर सीएम विंडो में शिकायत दर्ज कराई थी। ऐसा होता देख उस समय एसडीएम संदीप सिंह ने कनीना वासी राजकुमार, युवा कांग्रेस के हल्का अध्यक्ष के खिलाफ झगडा करने, जान से मारने की धमकी देने व सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उस समय यह मामला काफी चर्चा का विषय रहा था। जिसका मुकदमा एसडीजेएम कोर्ट में विचाराधीन था। अदालत ने उपरोक्त मुकदमा में सभी गवाहो की गवाही के बाद एसडीएम संदीप सिंह द्वारा लगाए गए आरोपो को बेबुनियाद और निराधार पाया। जिसे चलते आरोपी राजकुमार को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया। पीडित राजकुमार ने अदालत के फैसले का सम्मान किया है।

# धुंध-कोहरा छाने से सड़क यातायात बेहाल, रेल भी घंटेभर देरी से पंहुच रही

### एसडीएम ने वाहन चालकों को जारी की एडवाइजरी

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना क्षेत्र में पिछले दो दिन से धुंध व कोहरा छाने से सूर्य की रोशनी प्रभावहीन हो गई है। वर्तमान मौसम से रबि फसलों को फायदा होने की उम्मीद है। शीतलहर के बीच पारा जमाव बिदूं की ओर खिसक रहा है। जिससे सडक यातायात बेहाल होने लगा है वहीं रेल भी निर्धारित समय से घंटेभर देरी से रवाना हो रही हैं। धुंध के कारण दृष्य क्षमता 40-50 मीटर होने पर बीकानेर-रेवाडी-दिल्ली के बीच चलने वाली दर्जनभर रेलगाडियां देरी से चल रही हैं। सडक यातायात पर भी प्रभाव पडा है। छोटे-बडे वाहन संकेतक बत्ती जलाकर रेंगकर गुजरते दिखाई दिए। उधर पहाडों पर बर्फबारी होने से क्षेत्र के दिन व रात के तापमान में कमी आई है। बृहस्पतिवार सुबह हुई बूंदाबांदी के बाद क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री तथा अधिकतम तामान 12 डिग्री सेलसियस दर्ज किया है। एसडीएम जितेंद्र सिंह अहलावत ने धुंध एवं कोहरे में आमजन से विशेष सावधानी बरतने को कहा है। सुरक्षित यातायत के लिए उन्होंने



वाहन चालकों से कहा कि वाहन को तेज गति से न चलाएं तथा ओवरटेक करने में जल्दबाजी न करें। रात्री के समय डीपर का प्रयोग करें ओर वाहन को फॉग लाईट का इस्तेमाल करें। वाहन चलाते समय चालक मोबाईल फोन का प्रयोग न करें तथा नशा से दूर रहें। यातायात नियमों का पालन करें ओर सरक्षित यात्रा कर अपने गंतव्य पर पंहुचे। ईधर अत्यधिक सर्दी के कारण ग्रामीण घरों में दबकने को मजबूर रहे तो कुछ अलाव जलाकर सर्दी से बचाव करते रहे। कडाके की ठंड पडने से फसलों में नुकसान की संभावना बन रही है वहीं सामान्य जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। बाजार में गर्म कपडों तथा गरम खाद्य पदार्थों की माग बढ रही है।

# खाद्य सुरक्षा मिशन को लेकर भोजावास में हुआ समारोह का आयोजन

### क्षेत्र के किसानों ने लिया हिस्सा, मोटा आनाज इस्तेमाल करने पर रहा फोकस

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से बृहस्पतिवार को खाद्य एवं पोषण सुरक्षा पोषक अनाज के अंतर्गत कनीना उपमंडल के गांव भोजवास समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अतिआधुनिक कृषि को लेकर करीब 20 स्टॉल लगाए गए। इस समारोह के मुख्यातिथि जिला पार्षद प्रमुख डॉ राकेश कुमार थे वहीं एचएयू के पूर्व निदेशक डॉ एचडी यादव अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अध्यक्षता ब्लॉक समिति कनीना के चेयरमैन जयप्रकाश यादव की रही। मुख्य अतिथि डॉ राकेश कुमार का उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ अजय कुमार तथा किसानों ने अभिनंदन किया। राकेश कुमार ने किसानों को मोटा अनाज उगाने तथा उसका प्रयोग करने बल दिया।



उन्होंने कहा कि लगातार गेहूं और चावल खाने से हमारी जीवन शैली प्रभावित हो रही है।

धीरे धीरे अपनी थाली में मिलेट को शामिल करना पड़ेगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डबल इंजन सरकार किसानों की समृद्धि के लिए कृतबद्ध है, उनके अथक प्रयासों से बाजरा 2625 रुपए प्रति क्विंटल एमएसपी पर बिक रहा है। इसके साथ साथ फसल सिंचाई के लिए दक्षिणी हरियाणा को उसके हिस्से का पानी भी उपलब्ध हो रहा है।

सरकार की ओर से किसानों को पीएम किसान निधि, फसल बीमा योजना, भावातंर भरपाई, फसल सुरक्षा बोनस योजना के जरिए लाभ दिया जा रहा है। प्राकृतिक आपदा से फसल खराब होने पर सरकार मुआवजा देती है। डॉ एचडी यादव ने कहा कि हमारी मिट्टी की घटती उर्वरा शक्ति चिंता का विषय है। उन्होंने किसानों को संरक्षित खेती व बागवानी को अनपाने की सलाह दी। डीडीए डॉ देवेंद्र सिंह ने विभाग की विभिन ऑनलाइन स्कीम अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर पशुपालन व बागवानी से आए विशेषज्ञों ने भी अपने विचार व्यक्त किए ।

समारोह में किसानों प्रश्नोतरी भी की गइ। इस मौके पर डॉ संजय यादव,डॉ गजानंद,डॉ हरपल, डॉ भाईराम, बीएओ डॉ संदीप, डॉ सुधीर, बीटीएम मनीषा ,जसवंत सिंह,एटीम संदीप कुलदीप, राहुल ,निक्की ,भूपेंद्र के अलावा उप कृषि निदेशक डॉ देवेंद्र बाजिया, संयोजक डॉ जयलाल, डॉ नरेंद्र कुमार, लुवास वैज्ञानिक डॉ राहुल, योगेंद्र उपस्थित थे।

# हाईकोर्ट के आदेश पर 3 दिन के अंतराल में होगा बागोत के मोहित का अंतिम संस्कार

### हाईकोर्ट में दाखिल की गई अर्जी पर बृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए न्यायधीश ने दिए आदेश

### आरोपों की जांच आईपीएस अधिकारी से करवाने को कहा

### 14 दिसंबर को हुआ था पोस्टमार्टम, मृतक के पिता ने हाईकोर्ट में लगाई अर्जी

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** खंड के गांव बाागोत निवासी 26 वर्षीय युवक मोहित के शव का तीन दिन के अंतराल में अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस बारे में मृतक के पिता कैलाशचंद द्वारा पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में दाखिल की गई अर्जी पर बृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए न्यायधीश ने ये आदेश दिए। सुबह की पारी में हुई सुनवाई के दौरान वादी पक्षकार की उपसथिति में पुलिस कार्रवाई के संदर्भ में प्रदेश सरकार की ओर से पक्ष रखा गया। जिस पर कोर्ट ने गंभीरता से विचार किया। हाईकोर्ट के न्यायधीश ने अर्जी में लगाए गए आरोपों की जांच आईपीएस अधिकारी से करवाने तथा मृतक के पिता को शामिल तफ्तीश होने के भी आदेश दिए।

ईधर हाईकोर्ट के आदेश के बाद 35 दिन बाद मोहित को मुक्ति मिलने की संभावना बन गई है। जिसे लेकर ग्रामीणों एवं जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली है। पीडित पिता कैलाश चंद न्याय की मांग को लेकर बीते मंगलवार को हाईकोर्ट पंहुचा था। बृहस्पतिवार को उनकी अर्जी पर सुनवाई हुई। जिसके चलते हाईकोर्ट ने वादी एवं प्रतिवादी पक्षकारों को आदेश दिए । उल्लेखनीय है कि 26 वर्षीय युवक मोहित द्वारा बीती 13 दिसंबर 2024 की रात्री करीब आठ बजे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। जिसकी सूचना मिलने पर कनीना सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे उपनागरिक अस्पताल कनीना में भिजवा दिया था। शनिवार 14 दिसंबर 2024 को उन्होने कनीना अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा दिया था। मृतक युवक के पिता कैलाश



चंद ने प्रदेश के पूर्व मंत्री सहित 8 व्यक्तियों के विरूध कार्रवाई की मांग को लेकर शव लेने से मना कर दिया था। पुलिस प्रशासन इस सम्बंध में साक्ष्य उपलब्ध करवाने को कह रहा था। जबकि मृतक से किसी प्रकार सुसाईड नोट आदि नहीं मिला था। इसी दांवपेच में मृतक का अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका है। पिछले महिनेभर से अधिक का समय व्यतीत होने के बाद भी मृतक युवक का शव एसडीएच कनीना के फ्रीजर में रखा हुआ है। जिसमें संक्रमण पनप रहा है। जिस पर पुलिस कर्मचारी लगातार नजर बनाए हुए हैं।

सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार ने कहा कि हाईकोर्ट ने तमाम साक्ष्यों का अवलोकन कर शव का तीन दिन के अंतराल मे अंतिम संस्कार करने के आदेश दिए हैं। साथ उनके द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारी से करवाने तथा वादी को भी शामिल जांच करने को कहा है। जिससे दूध का दूध ओर पानी का पानी होने की संभावना है।

# महिला महाविद्यालय उन्हाणी की दो छात्राओं ने टॉप टेन सूचि में बनाया स्थान

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय द्वारा जारी की गई परीक्षा परिणाम की टॉप 10 सूची में महिला महाविद्यालय उन्हाणी की दो छात्राओं ने वाणिज्य संकाय में स्थान बनाया है। प्राचार्य डॉ विक्रम सिंह ने बताया कि पॉचवे सेमेस्टर की छात्रा निशा शर्मा व दिव्या सुपुत्री ने क्रमश: द्वितीय और दसवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।

# नेहरू युवा केंद्र द्वारा खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का किकराल में हुआ आयोजन



**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी मंडी।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में गांव किकराल के खेल स्टेडियम में खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गांव के सरपंच प्रतिनिधि हवा सिंह वर्मा ने शिरकत की और रिबन काटकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। स्टेट यूथ अवॉर्डी मनोज जांगड़ा ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र द्वारा युवाओं के लिए अनेक गतिविधिया और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चे खेलो के अंदर अच्छा प्रदर्शन करें तो इलाके का और प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग एवं खेल अति आवश्यक है। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना चाहिए ।युवाओं को नशे से दूर रहकर समाज हित में अपना योगदान देना चाहिए ।इस बारे में जानकारी देते हुए खंड समन्वयक सुबेन लीलस ने बताया कि खेल प्रतियोगिता में विभिन्न गांव के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपना दमखम दिखाया । उन्होंने बताया कि खेल प्रतियोगिता में सौ मीटर रेस में नलोई की सुमन पहला गुढ़ा की निधि ने दूसरा किकराल की रेनू ने तीसरा स्थान हासिल किया। चार सौ मीटर रेस में प्रमिला ने पहला सलोनी दूसरे और नितिन तीसरे स्थान पर रही ।आठ सौ मीटर रेस में बड़वा की संतोष पहले स्थान पर मुस्कान दूसरे स्थान पर और भावना तीसरे स्थान पर रही वही इस दौरान एक कबड्डी मैच का भी आयोजन करवाया गया आयोजित मैच में नलोई की लड़कियों की ने जीत हासिल की वही शेरडा की टीम दूसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में प्रथम व तीसरे स्थान पर रहने वाले विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रविंद्र नलोई,सुशील , रामसिंह , अमित ,संदीप , सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# समाधान शिविर में डीसी ने सुनी समस्याएं, कई शिकायतों का मौके पर निपटारा




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** डीसी अजय कुमार की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें मुख्य रूप से जल आपूर्ति, सडक मरम्मत, पेंशन संबंधित समस्याएं और राजस्व मामलों से जुड़ी शिकायतें शामिल रही। डीसी ने नागरिकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है, ताकि जनता का प्रशासन पर भरोसा और ज्यादा मजबूत हो। शिविर में कुल 9 शिकायतें आई। जिनमें से कई शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया, जबकि कुछ मामलों में आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए और शिकायतकर्ताओं को समाधान होने पर जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि जिले में उपमंडल स्तर पर भी प्रत्येक कार्यदिवस पर प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन हो रहा है। नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिविरों का फायदा उठाएं। शिविर के दौरान नागरिकों ने प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि समाधान शिविर के जरिए उनकी समस्याओं को सीधे अधिकारियों तक पहुंचाने का मंच मिल रहा है। ऐसे शिविरों के आयोजन से न केवल प्रशासन और जनता के बीच संवाद मजबूत हो रहा है, बल्कि समाधान की प्रक्रिया भी सरल और त्वरित हो रही है।

# हर घर परिवार सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम उजीना में कराया गया

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग द्वारा तत्वाधान से हर घर परिवार सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उजीना में कराया गया। सूर्य नमस्कार में 7 आसन और 12 स्टेप है जिसमें सूर्य नमस्कार में प्रणाम आसन,हस्तोत्तानासन,पादहस्तासन,अश्व संचालन, पर्वतासन, साष्टांग आसान, भुजंगासन,12स्टेपों की की जानकारी दी गई। योगाचार्य राजेश ने कहा सूर्य नमस्कार संपूर्ण अंगों का व्यायाम है जो हमें नई ऊर्जा तनावों से दूर शरीर सुडौल और जीवन शैली अच्छी बनती है। डॉ मनोज ने कहा शरीर को स्वस्थ रखना मनुष्य का पहला धर्म है स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मर्सतिष्क का निवास है हमें संतुलित भोजन सुपाच्य भोजन करना चाहिए। सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ मनोज मजोका आयुर्वेदिक मेडिकल अधिकारी डॉ शशांक शर्मा और जिला आयुष अधिकारी डॉ यशवीर गहलावत के मार्गदर्शन में लगाया गया संदीप योगाचार्य, सानिया योगा इंस्ट्रक्टर, बबीता रानी योग इंस्ट्रक्टर सूर्य नमस्कार कराया इस अवसर पर आईटीआई के प्रिंसिपल धर्मेंद्र सिंह, प्रभु दयाल, सतीश कुमार, राजवीर, मुकेश, राजेश, मनजीत, शिखा देवी, चरण सिंह, नीरज, अशोक कुमार, जनक आदि उपसथित रहे।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

# दिल्ली में जाट समुदाय की किस मांग पर खुद ही फंसते दिख रहे केजरीवाल

### राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का दावा, 10 सालों में कोई प्रस्ताव नहीं आया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव के बीच आप नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बीते सप्ताह जाट समुदाय को दिल्ली में ओबीसी की केंद्रीय सूची में डालने का मुद्दा उठाया था। केजरीवाल का आरोप था कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार बीते 10 सालों से मामले को दबाए बैठी है। वहीं केजरीवाल के आरोपों पर भाजपा ने जवाब दिया था कि दिल्ली सरकार को प्रस्ताव को पहले विधानसभा से पारित कराना चाहिए था। फिर उस प्रस्ताव को केंद्र सरकार को भेजने पर मुहर लगती। इसके बाद अब पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी आप के दावों का जवाब दिया है। पिछड़ा वर्ग आयोग का कहना है कि बीते 10 सालों में दिल्ली सरकार से ऐसा कोई प्रस्ताव ही नहीं भेजा गया, जिसमें मांग की गई हो कि राजधानी के जाटों को दिल्ली में केंद्र की सूची में शामिल करे।



राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने बताया कि बीते 10 सालों में हमें दिल्ली के जाटों को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने का कोई प्रस्ताव नहीं मिला। ऐसा कुछ आता, तब विचार जरूर होता। दिल्ली में विधानसभा चुनाव है और इसके पहले केजरीवाल ने यह मसला उठाया था, लेकिन अब आप खुद ही मामले पर घिरती दिख रही है। दिल्ली के किशनगढ़, मुनिरका, नरेला जैसे इलाकों में जाटों की अच्छी खासी आबादी है। इसके बाद बाहरी दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली के एक हिस्से में जाट मतदाता नतीजों पर असर डालने का दम रखते हैं। माना जा रहा है कि इसी रणनीति के तहत केजरीवाल ने दिल्ली के जाटों को केंद्रीय ओबीसी लिस्ट में शामिल करने की मांग उठाई है।

अहीर ने साफ कर दिया है कि दिल्ली सरकार से कोई प्रस्ताव नहीं आया। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य के समुदाय को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने के लिए राज्य से ही प्रस्ताव भेजा जाता है। उस प्रस्ताव से पहले संबंधित राज्य सरकार उनके पिछड़ेपन को लेकर सर्वे कराती है। इसके बाद विधानसभा में वह प्रस्ताव मंजूर होता है, और इसके बाद केंद्र को प्रस्ताव भेजा जाता है। उस प्रस्ताव पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग फैसला लेता है। अहीर ने बताया कि यूपीए के कार्यकाल में दिल्ली से दो बार जाटों को केंद्रीय पिछड़ा सूची में शामिल करने का प्रस्ताव भेजा गया था। लेकिन तब उस प्रस्ताव को खारिज किया गया था। यह प्रस्ताव पहले 2010 में भेजा गया था और फिर 2014 के आम चुनाव से ठीक पहले गया था, लेकिन दोनों बार प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिल सकी।

## 101 किसानों का मरजीवड़ा समूह 21 जनवरी को दिल्ली कूच करने को तैयार

नई दिल्ली। विभिन्न मांगों को लेकर पंजाब और हरियाणा के कुछ किसान बीते कई महीनों से आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने फिर दिल्ली मार्च का ऐलान कर दिया है। किसान यूनियनों ने अपने चल रहे आंदोलन को तेज कर गुरुवार को घोषणा की कि वे 21 जनवरी 2025 को फिर से हरियाणा सीमा पार करने का प्रयास करने वाले है। इसमें 101 किसानों का समूह शामिल होगा, जिन्हें मरजीवड़ा नाम दिया गया है। मरीजवाड़ का मतलब होता है जो अपनी जान देने के लिए तैयार हैं। बता दें कि इसके पहले साल 2021 में कृषि कानून के खिलाफ किसानों के द्वारा 26 जनवरी को निकाली गई ट्रैक्टर रैली के दौरान प्रदर्शनकारी पुलिस बैरिकेडिंग को तोड़ कर सेंट्रल दिल्ली में जबरन घुसे गए थे। आंदोलनकारी किसानों ने लाल किले की प्राचीर पर अपना झंडा फहराया था। हालांकि, बाद में उनके झंडे को लाल किले से हटाया और पुलिस कार्रवाई में उन्हें वहां से खदेड़ दिया गया था। किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सर्वन सिंह पंधेर ने कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा, मुझे नहीं लगता कि केंद्र सरकार हमारे साथ बातचीत करने के मूड में है। हमारा 101 किसानों का समूह 21 जनवरी को एक और प्रयास करेगा। अब सरकार के ऊपर है कि वह हमारी मांगों को पूरा करे या हमें मार डाले।

## रायबरेली में हिट-एंड-रन का मामला, एक व्यक्ति की मौत... बीजेपी नेता सहित कई घायल

रायबरेली । यूपी के रायबरेली जिले में बीती रात तेज रफ्तार कार का तांडव दिखाई दिया। रायबरेली में प्रयागराज हाईवे पर हिट-एंड-रन दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई। वहीं, बीजेपी नेता अभिजात मिश्रा सहित चार अन्य घायल हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे कार सवार बीच सड़क खौफनाक तरीके से गाड़ी दौड़ा रहा है। कार के गेट खुले हुए हैं। इस दौरान कार सवार ने कई लोगों को रौंद डाला। बताया जा रहा हैं कि दुर्घटना बुधवार रात रायबरेली शहर के प्रगतिपुरम के पास हुई जब एक तेज रफ्तार कार ने दो पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी। वीडियो में दरवाजा खुली एक कार को तेजी से भागते हुए दिखाया गया है, जबकि दो बाइक सवार हाईवे के किनारे गिर गए थे और कुछ स्थानीय लोग भाग रही कार को रोकने की कोशिश कर रहे थे। लोगों के घायल होने की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और दोनों घायल व्यक्तियों को जिला अस्पताल ले गई, जहां 67 वर्षीय एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि दूसरे का इलाज जारी है। घटना में बीजेपी युवा मोर्चा के नेता अभिजात मिश्रा और उनके साथी भानु तिवारी भी घायल हुए। पुलिस ने बताया कि हमने संबंधित कार को हिरासत में लेकर चालक का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## संभल में 14 सौ से अधिक बिजली चोरी के मामले दर्ज, 16 मस्जिदें और 2 मदरसे नामजद

संभल। जिला प्रशासन का दावा है कि उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक बिजली की चोरी संभल में हो रही है। जिसके चलते यहां बिजली विभाग का तबोड़तोड़ ऐक्शन जारी है। जोन में बिजली चोरी के सर्वाधिक मामले संभल जिले से सामने आए हैं। संभल में बिजली चोरी की धारा 135 के तहत 1,400 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं। इसमें समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर रहमान बर्क, 16 मस्जिदों और दो मदरसों सहित कई व्यक्तियों और संस्थान शामिल हैं। बिजली चोरी में 11 करोड़ का जुर्माना लगाया गया है। बताया जा रहा है कि 20 लाख रुपए की वसूली की गई है। बिजली विभाग ने सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर पर भी छापेमारी की। सांसद के घर खामियां मिलने पर बिजली विभाग ने बिजली चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था और उन पर 1.91 करोड़ का जुर्माना भी लगाया था। सांसद के घर की बिजली भी काट दी थी। इसके साथ सांसद के पिता के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कराया था। बिजली कर्मचारियों ने उनपर धमकाने का आरोप लगाया था। इसके बाद से अधिकारियों ने जिले भर में अवैध बिजली कनेक्शनों की पहचान करने और उन्हें दंडित करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। जिले भर में तबाड़तोड़ छापेमारी में बिजली चोरी के सैकड़ों मामले सामने आए। विभाग की ओर ऐक्शन लिया गया। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने कुल 11 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है, जिसमें से 20 लाख रुपये पहले ही वसूले जा चुके हैं। बता दें दिसंबर में बिजली विभाग के अधिकारियों ने सपा सांसद के इलाके खग्गू सराय, रायसत्ती, दीपा सराय, हिंदू पुरा खेड़ा सहित तमाम इलाकों में चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान बिजली विभाग ने बड़े पैमाने पर बिजली चोरी पकड़ी थी।

## राजस्थान के कई इलाकों में बूंदाबांदी और बारिश, नागौर में पारा 3.7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा

जयपुर । गत दो दिनों में राजस्थान के कई इलाकों में बूंदाबांदी और बारिश होने के बाद सर्दी और तेज हो गई है। राजस्थान में नागौर में सबसे कम, 3.7 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को सुबह तक बीते चौबीस घंटे में पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई जबकि पश्चिमी राजस्थान में मौसम शुष्क बना हुआ है। गुरुवार सुबह राज्य में कहीं-कहीं पर घने से अति घना कोहरा छाया रहा। तापमान में और गिरावट के चलते पूर्वी राजस्थान में कई जगह शीत और अति शीत दिन रहा। इसके अनुसार, इस दौरान न्यूनतम तापमान नागौर में 3.7 डिग्री, फतेहपुर में 5.4 डिग्री, अलवर में 5.8 डिग्री, सिरोही में 6.1 डिग्री और अजमेर में न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकतर भागों में आगामी 4-5 दिन मौसम शुष्क रहने तथा कोटा, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में आगामी 2-3 दिन घना कोहरा रहने की संभावना है। कोहरे के प्रभाव से आगामी दो दिन कहीं-कहीं अधिकतम तापमान सामान्य से 2-4 डिग्री नीचे जाने की संभावना है।

## जूते के बाद साड़ी बांटने के आरोपों में घिरे प्रवेश वर्मा, एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली। नई दिल्ली सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा फिर से एक कानूनी मुश्किलों में घिरते दिख रहे हैं। जूते बांटने के आरोपों को लेकर एफआईआर के बाद चुनाव आयोग ने वर्मा के खिलाफ एक और केस दर्ज कराया है। वर्मा के आवास पर साड़ी बांटने के एक वीडियो का संज्ञान लेकर रिटर्निंग अधिकारी ने एफआईआर दर्ज करवा दी है। नई दिल्ली जिला निर्वाचन अधिकारी के एक्स हैंडल पर वर्मा के खिलाफ दर्ज नए केस की जानकारी दी गई है।



बताया गया है कि यूट्यूब पर एक वीडियो सामने आया था जिसमें आरोप हैं कि नई दिल्ली सीट से भाजपा प्रत्याशी वर्मा के आवास पर साड़ियां बांटी जा रही हैं, जोकि आचार संहिता उल्लंघन का मामला बनता है। चुनाव आयोग की ओर से बताया गया कि यह जानकारी मिलने पर एक फ्लाइंग स्क्वॉड को तुरंत मौके पर भेजा गया। वेरिफिकेशन के दौरान मौके पर ऐसी कोई गतिविधि नहीं मिली। हालांकि, वीडियो साफ तौर पर इंगित कर रहा है कि साड़ियां बांटी जा रही थीं। इस सबूत के आधार पर नई दिल्ली सीट के रिटर्निंग ऑफिसर ने पुलिस को आधिकारिक रूप से शिकायत दर्ज कराई। पुलिस को पूरे मामले की तहकीकात करने और जनप्रतिनिधित्व कानून की संबंधित धाराओं और अन्य कानूनों के तहत कार्रवाई शुरू करने को कहा गया है।

## 13 फरवरी को होगी गोधरा कांड पर 'सुप्रीम' सुनवाई, साबरमती एक्सप्रेस के कोच में आग लगने से मारे गए थे 59 लोग

**वाराणसी (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले में गुजरात सरकार और कई अन्य दोषियों द्वारा दायर अपील पर 13 फरवरी को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने स्पष्ट किया कि सुनवाई की अगली तारीख पर मामले में कोई स्थगन नहीं दिया जाएगा। 27 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 कोच को जलाए जाने से 59 लोगों की मौत हो गई थी, जिससे राज्य में दंगे भड़क उठे थे।

गुजरात उच्च न्यायालय के अक्टूबर 2017 के फैसले को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में कई अपीलें दायर की गई हैं, जिसने कई दोषियों की सजा को बरकरार रखा था और 11 लोगों की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया था।

मामला गुरुवार को सुनवाई के लिए आया, तो एक दोषी की ओर से पेश वकील ने कहा कि कोई सबूत रिकॉर्ड पर नहीं रखा गया है। न्यायमूर्ति माहेश्वरी ने कहा कि हमें पता नहीं। हम मामले की सुनवाई करेंगे और हमने यह पहले ही स्पष्ट कर दिया था। हम इस मामले को स्थगित नहीं करेंगे. इस मामले को कम से कम पांच बार स्थगित किया जा चुका है। (पिछले एक साल से, मैं इस मामले को स्थगित कर रहा हूं। वकील ने अदालत को बताया कि कुछ दोषियों ने माफी याचिका दायर की है जो लंबित हैं। मामले को स्थगित करने से इनकार करते हुए पीठ ने कहा कि हमारे पास मुख्य न्यायाधीश के कार्यालय से निर्देश हैं कि आपराधिक अपील और माफी के मामलों को एक साथ सुनने की जरूरत नहीं है।

दोषियों में से एक की ओर से पेश वरिष्ठ वकील संजय हेगड़े ने कहा कि मौत की सजा को उम्रकैद में बदलने के खिलाफ गुजरात द्वारा दायर अपील पर पहले सुनवाई होनी है। बाईस साल बीत चुके हैं। मेरे मुवक्किलों को मौत की सजा नहीं दी गई है। इस पीठ को पहले अपराध की पुष्टि करनी होगी। एक बार इसकी पुष्टि हो जाए, उसके बाद सजा का हिस्सा आता है।

# बिहार चुनाव से पहले एक्शन में चिराग पासवान, शहाबुद्दीन के गढ़ में चला बड़ा दांव

**पटना (एजेंसी)।** अपराध और राजनीति अक्सर साथ-साथ चलते हैं। और ठीक ऐसा ही हुआ जब अयूब खान और रईस खान, जिन्हें 'खान बंधुओं' के नाम से जाना जाता है, औपचारिक रूप से केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) में शामिल हो गए। अयूब खान और रईस खान, जिनके नाम से एक समय पूरे बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में आतंक फैला हुआ था, ने शुरू में नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल होने की कोशिश की थी, लेकिन सूत्रों ने दावा किया कि नीतीश ने उन्हें पार्टी में शामिल करने के लिए अपनी मंजूरी नहीं दी।

बुधवार को खान बंधुओं ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी प्रमुख चिराग पासवान की मौजूदगी में एलजेपी (आरवी) की सदस्यता ली। सीवान के सहुली हाई स्कूल ग्राउंड में आयोजित मिलन समारोह के लिए खान बंधुओं ने पार्टी सुप्रीमो के लिए हेलिकॉप्टर की व्यवस्था की थी। पार्टी ने एक्स पर लिखा कि आज सिवान के साहुली हाई स्कूल में चिराग पासवान के प्रेरणादायक नेतृत्व में 'बिहार फर्स्ट-बिहारी फर्स्ट' और



'नव-संकल्प अभियान' से प्रेरित होकर मो. अयूब खान और मो. रईस खान ने हजारों समर्थकों की उपस्थिति में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।

पार्टी ने लिखा कि उनका पार्टी में शामिल होना पार्टी की प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने इस कार्यक्रम में उमड़े विशाल जनसैलाब को संबोधित किया। वहीं, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने बुधवार को संकेत दिए कि उनकी पार्टी के नेतृत्व वाला महागठबंधन पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस को अपने साथ जोड़ सकता है। प्रसाद मकर संक्रांति के अवसर पर भोज के निमंत्रण पर पारस के घर पहुंचे। प्रसाद के साथ उनके बड़े बेटे तेज प्रताप यादव और राजद के राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी भी थे।

# 2 से ज्यादा बच्चे होने पर ही लड़ पाएंगे चुनाव, चंद्रबाबू नायडू लेने जा रहे एकदम अलग फैसला

**अमरावती (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि कोई व्यक्ति तभी सरपंच, नगर निगम पार्षद या मेयर बन सकता है, जब उसके दो से अधिक बच्चे हों, यह संकेत देते हुए कि यह गिरती जनसंख्या को रोक देगा। नायडू ने कहा कि वह लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए नीतियां लाएंगे। उन्होंने कहा कि एक समय में, कई बच्चों वाले व्यक्तियों को पंचायत (चुनाव) या स्थानीय निकायों में लड़ने की अनुमति नहीं थी। अब मैं जो कह रहा हूं वह यह है कि कम बच्चों वाले व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकते। आप सरपंच, नगर निगम पार्षद, निगम अध्यक्ष या महापौर तभी बन पाएंगे जब आपके दो से अधिक बच्चे होंगे।

सीएम के अनुसार, उत्तर भारत लगभग 15 वर्षों में स्थिर प्रजनन दर का लाभ खो सकता है। उन्होंने कहा, ÷आपके माता-पिता चार से पांच बच्चे पैदा करते थे और आपने इसे घटाकर एक कर दिया। यहां तक कि होशियार लोग भी अब कह रहे हैं कि दोगुनी आय वाले बच्चे हमें आनंद नहीं लेने देते। अगर उनके माता-पिता ने उनके जैसा सोचा होता, तो वे इस दुनिया में नहीं आते।' नायडू ने कहा, सभी देशों ने यह गलती की है और हमें सही समय पर



निर्णय लेना होगा। उन्होंने कहा कि अधिक बच्चे पैदा करने के महत्व पर जोर नहीं दिया गया और स्थिति हाथ से बाहर हो गई।

दक्षिण कोरिया, जापान और महाद्वीपीय यूरोप जैसे देशों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि उन जगहों पर लोगों को आबादी कम होने के खतरे का एहसास नहीं था, बल्कि उन्होंने केवल धन पैदा करने, आय बढ़ाने और उन देशों को आगे ले जाने पर ध्यान केंद्रित किया। इस महीने की शुरुआत में, नायडू ने गिरती जन्मदर पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत को दक्षिण कोरिया और जापान जैसे अन्य देशों द्वारा की गई गलतियों को नहीं दोहराना चाहिए, जहां जन्मदर में गिरावट आई है।

## हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी शुरू, छह जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी

### – आने वाले समय में हिमालय के ऊंचे क्षेत्रों में और भी अच्छी बर्फबारी की संभावना

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है। रात से ही ऊंचे पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू हो गई है, जबकि निचले क्षेत्रों में बदलता मौसम और बरसात की चहल-पहल देखने को मिल रही है। शिमला समेत कुफरी, नारकंडा संजौली, और जाखू इलाके में सुबह हल्की बर्फबारी हुई है, जिसने इलाके को सफेद रंग की चादर से ढक दिया है। यहां तक कि पर्वतीय क्षेत्रों में हुई बर्फबारी के कारण सर्दी और बढ़ गई है, लेकिन पर्यटकों के लिए यह खुशियों का समय है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार आने वाले दिनों में लाहौल स्पीति, किन्नौर, कांगड़ा, शिमला, कुल्लू और चंबा के कुछ ऊंचे क्षेत्रों में और भी अच्छी बर्फबारी की संभावना बनी है। चंबा, किन्नौर और लाहौल स्पीति में जल्दी ही बर्फबारी की संभावना है, जो इन स्थानों के लोगों के लिए एक प्रिय समाचार होगी। मौसम विभाग ने ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी, सोलन और



सिरमौर जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है, जिससे कि लोग सावधानी बरत सकें। किसानों के लिए भी यह समाचार खुशियों का संदेश है, क्योंकि उन्हें बारिश और बर्फबारी की अच्छी प्रतीक्षा थी। मौसम विभाग की आशंका के अनुसार जनवरी महीने में भी हिमाचल प्रदेश में अच्छी बर्फबारी की संभावना है, जो किसानों के लिए अच्छी खबर है। इससे उन्हें राहत मिलेगी और उनकी फसलें भी मौसम की अनुकूलता के आधार पर विकसित हो सकती हैं। इस खुशखबरी के साथ हिमाचल प्रदेश वालों को सजीव और खुशहाल मौसम का आनंद लेने का अच्छा मौका मिला है। इस समय बर्फबारी और बदलते मौसम का आनंद लेने के साथ-साथ, स्थानीय लोगों और पर्यटकों को भी सुरक्षित रहने की सलाह दी जाती है। इस छुट्टियों को मनोरंजन से भरपूरी बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी न हो, ताकि सभी इस कुदरती सुंदरता का लुफ्त उठा सकें।

# सलमान, बाबा सिद्दीकी अब सैफ अली... आखिरकार क्यों मुंबई में सिलेब्रिटी अपराधियों के निशाने पर

**मुंबई (एजेंसी)।** अभिनेता सैफ अली खान के घर में आधी रात को चोर घुस आया। यही नहीं उनमें से एक चोर ने सैफ पर ही चाकू से हमला कर दिया, इससे उन्हें कई जगह चोटें आईं। फिलहाल वे खतरे से बाहर हैं और घर के अन्य लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं। लेकिन यह चिंता की बात है कि आखिर मुंबई के बांद्रा इलाके में देश की नामी हस्तियां और फिल्मी सितारे रहते हैं, वहां इतनी क्राइम की घटनाएं क्यों और कैसे हो रही हैं। बांद्रा इलाके में रहने वाले सलमान खान के घर पर फायरिंग हुई थी और उन्हें बचाव के लिए अपनी बालकनी को बुलेटप्रूफ कराना पड़ा है। वहीं बाबा सिद्दीकी भी बांद्रा पूर्व इलाके में गोलीबारी में मारे गए थे। उन पर तीन हमलावरों ने भीषण फायरिंग की थी, इसमें एनसीपी नेता की मौत हो गई थी।

सलमान जिस गैलेक्सी अपार्टमेंट में रहते हैं, वह भी बांद्रा इलाके में ही है। अब मामले को लेकर राजनीति भी तेज हो गई है। उद्धव सेना की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने सीधे तौर पर मुंबई पुलिस और सरकार की असफलता करार दिया। प्रियंका चतुर्वेदी ने लिखा, क्या शर्म की बात है कि मुंबई में एक और हाईप्रोफाइल कांड हुआ है। इसमें सैफ पर जानलेवा अटैक किया गया। इससे मुंबई पुलिस पर सवाल उठते हैं। इसके अलावा गृहमंत्री पर भी सवाल है। ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं, जिसमें मुंबई के बड़े नामों को ही टारगेट किया जा रहा है।

प्रियंका ने पूछा कि आखिर बांद्रा में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं हैं, जबकि इस इलाके में बड़ी संख्या में सिलेब्रिटीज रहते हैं। यदि मुंबई में सिलेब्रिटीज सेफ नहीं हैं, तब फिर मुंबई में सुरक्षित कौन है। फिलहाल पुलिस हमलावर की पहचान करने में जुटी है। मामला इसलिए भी शक पैदा कर रहा है क्योंकि घर के अंदर किसी बाहरी की एंट्री का सबूत नहीं मिला है। फिलहाल सैफ के घर के तीन स्टाफ को ही पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू की है। बता दें कि अक्टूबर 2024 में एनसीपी के नेता बाबा सिद्दीकी का यहां कत्ल हो गया था। उन्हें तीन हमलावरों ने उस वक्त गोलियां मारी थीं, जब वह बेटे जीशान के दफ्तर से निकल रहे थे। इसके बाद उन्हें लीलावती अस्पताल लाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

बाबा सिद्दीकी की हत्या दशहरे के दिन हुई थी, जब लोग त्यौहार मना रहे थे। अब तक पुलिस की जांच में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम ही मामले में सामने आया है। एनसीपी नेता को 6 गोलियां मारी गई थीं। सिद्दीकी के कत्ल से पहले करीब एक महीने तक हत्यारे मुंबई में रहे थे। उनकी लंबे समय तक रेकी की गई थी। फिर टारगेट करके मारा गया था। बता दें कि हत्या से 15 दिन पहले ही सिद्दीकी को हत्या की धमकी मिली थी। इसकी जानकारी उन्होंने पुलिस को दी थी, जिसके बाद सुरक्षा में इजाफा किया गया था।







# जियो प्लेटफॉर्म्स ने पॉलीगॉन लैब्स के साथ की साझेदारी

**- साझेदारी भारतीय डिजिटल उद्यमिता को और भी अग्रणी बनाएगी**

**नई दिल्ली ।**

जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड ने भारत में वेब3 प्रौद्योगिकी में अपना पहला कदम रखा। उन्होंने पॉलीगॉन प्रोटोकॉल्स की डेवलपर शाखा पॉलीगॉन लैब्स के साथ साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के माध्यम से जियो प्लेटफॉर्म्स अपने ग्राहकों के लिए वेब3 क्षमताओं को अपने अनुप्रयोगों और सेवाओं में शामिल करने की योजना बना रहे हैं। जेपीएल के सीईओ ने इस साझेदारी को एक महत्वपूर्ण कदम बताया और डिजिटल उत्कृष्टता की दिशा में जियो की यात्रा में महत्वपूर्ण निर्देशक माना। वेब3 प्रौद्योगिकी ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी पर आधारित है जो सुरक्षा और अनुभव को मजबूत बनाती है और उपयोगकर्ताओं को उनके डेटा पर नियंत्रण भी प्रदान करती है। यह साझेदारी भारतीय डिजिटल उद्यमिता को और भी अग्रणी बनाएगी। इस साझेदारी से जियो प्लेटफॉर्म्स अपने ग्राहकों को और अधिक उन्नत और सुरक्षित अनुभव प्रदान करने के लिए तत्पर हैं। जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड (जेपीएल) ने भारत में वेब3 प्रौद्योगिकी में अपनी शुरुआत के लिए पॉलीगॉन प्रोटोकॉल्स की डेवलपर शाखा पॉलीगॉन लैब्स के साथ साझेदारी की है। पॉलीगॉन लैब्स ने यह जानकारी दी। इस साझेदारी के तहत जियो प्लेटफॉर्म्स




अपने 45 करोड़ से अधिक ग्राहकों के लिए आरआईएल समूह की कंपनी के स्वामित्व तथा संचालन वाले अपने कुछ मौजूदा अनुप्रयोगों व सेवाओं में वेब3 क्षमताओं को जोड़ने की योजना बना रहा है। जेपीएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पॉलीगॉन लैब्स के साथ जुड़ना डिजिटल उत्कृष्टता की दिशा में जियो की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हम वेब3 की असीम संभावनाओं का पता लगाने और अपने उपयोगकर्ताओं को अद्वितीय डिजिटल अनुभव प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं।

# लक्ष्मी डेंटल का आईपीओ लिस्ट होते ही निवेशक होंगे मालामाल

**- हर शेयर पर 142 रुपए का होगा फायदा**

**नई दिल्ली ।**

लक्ष्मी डेंटल कंपनी का आईपीओ हुआ बहुत ही सफल दिखाई दे रहा है, जिसमें इसके शेयर ग्रे मार्केट में भी शानदार परफॉर्मेंस देखने को मिल रही है। इस आईपीओ के बिक्री में बड़ा हिस्सा बुक हो गया है और ग्रे मार्केट में इसका प्रीमियम भी उच्च है। लक्ष्मी डेंटल ने अपने आईपीओ के तहत नए इक्विटी शेयर जारी किए हैं और इसके लिए बाजार में बड़ा हिस्सा जुटा है। इसके ग्रे मार्केट में प्रीमियम ने निवेशकों की दिल्ली-दिमाग को प्रकुट कर दिया है। निवेशक उम्मीद कर रहे हैं कि लिस्टिंग पर भी वे अच्छा मुनाफा कमा सकेंगे। लक्ष्मी डेंटल की आईपीओ के साथ-साथ उसके डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग का भी ध्यान हो रहा है। यह कंपनी पर्यावरण और गुणवत्ता पर ध्यान देती है और अपने उत्पादों में उच्च गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए प्रयासरत रहती है। लक्ष्मी डेंटल की सफलता के पीछे कंपनी के सीईओ और उपकी टीम का साथ है, जिन्होंने कंपनी को एक नए ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लक्ष्मी डेंटल की आईपीओ के लिए अच्छी समीक्षा और उत्साह का सामर्थ्य दर्शाते हुए, बाजार में इसके शेयर की तारीख का बेसब्री से




इंतजार है। निवेशकों का यह संयमी और जागरूक रवैया उनके लिए एक सफल निवेश की दिशा में एक प्रेरणास्पद संकेत हो सकता है।

# पीएचडीसीसीआई की रिपोर्ट - भारत की अर्थव्यवस्था में उम्मीद की किरणें

**- भारत एक शक्तिशाली और दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है**

**नई दिल्ली ।**



इंडस्ट्री बॉडी पीएचडीसीसीआई ने अपनी नई रिपोर्ट में बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति में दरकिनार होते हुए भारत एक शक्तिशाली अर्थव्यवस्था और दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था की ग्रोथ रेट इस वित्त वर्ष में 6.8 फीसदी रहने की उम्मीद है, जो अगले वर्ष 7.7 फीसदी तक बढ़ सकती है। पीएचडीसीसीआई के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले कुछ वर्षों में मजबूती से प्रगति की है और यह अब दुनिया के चौथे सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के वाम पक्ष में आ सकता है। उन्होंने कहा कि कृषि, फूड प्रोसेसिंग, फिनटेक, सेमीकंडक्टर, रिन्यूएबल एनर्जी, हेल्थ और इंश्योरेंस जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। रिपोर्ट में अगवा आयकर की दर को 40 लाख रुपये से अधिक आय वाले व्यक्तियों पर लागू होने और इनकम टैक्स छूट सीमा को बढ़ाकर 10 लाख रुपये किया जाना चाहिए का सुझाव भी दिया गया है। साथ ही, पीएचडीसीसीआई ने रिजर्व बैंक से भी नीतिगत ब्याज दर में 0.25 फीसदी की कटौती की मांग की है जिससे खुदरा महंगाई में कुछ राहत आ सकती है। रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की दिशा में कुछ सुझाव पेश किए गए हैं। यहां तक कि इनकम टैक्स की अधिकतम दर के लिए आय सीमा को बढ़ाकर 40 लाख रुपये किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि स्वामित्व और साझेदारी के तहत संचालित संस्थाओं पर कर की दर को कम किया जाना चाहिए। पुराने पैटर्न से हटकर, नये स्वरूप में अर्थव्यवस्था के जो नये सुधारे और प्रोत्साहन हो उन्हें सफलतापूर्वक लागू करने से भारत की अर्थव्यवस्था भविष्य में एक नई ऊंचाई को छू सकती है।

# निजी वाहनों के लिए टोल संग्रह के बदले मासिक और वार्षिक पास शुरू होगा

**- वाणिज्यिक वाहनों से आता है टोल राजस्व का 74 प्रतिशत हिस्सा**

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर निजी वाहनों के लिए टोल संग्रह के बदले मासिक और वार्षिक पास शुरू करने की योजना बना रही है।

एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि टोल संग्रह बूथ गांवों के बाहर बनाए जाएंगे। टोल राजस्व का 74 प्रतिशत हिस्सा वाणिज्यिक वाहनों से आता है। हम निजी वाहनों के लिए मासिक या वार्षिक पास शुरू करने पर विचार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कुल टोल संग्रह में निजी वाहनों की हिस्सेदारी केवल 26 प्रतिशत है, इसलिए सरकार को कोई नुकसान नहीं होगा।

गडकरी ने कहा कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने शुरुआत में राष्ट्रीय राजमार्गों पर फास्टैग के साथ एक अतिरिक्त सुविधा के रूप में बाधा रहित वैश्विक नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) आधारित टोल संग्रह प्रणाली को लागू करने का फैसला किया है।

ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) आधारित टोल संग्रह प्रणाली वर्तमान टोल संग्रह प्रणाली से बेहतर होगी। पिछले साल जुलाई में गडकरी ने कहा था कि जीएनएसएस आधारित उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह प्रणाली के संबंध में कर्नाटक में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-275 के बेंगलुरु-मैसुरु खंड और हरियाणा में एनएच-709 के पानीपत-हिसार खंड पर एक प्रायोगिक अध्ययन किया गया है।

इस कदम का उद्देश्य यातायात की भीड़ को कम करना और राजमार्गों पर यात्रा के लिए सटीक दूरी के आधार पर शुल्क लेना है। वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान टोल प्लाजा पर वाहनों के लिए औसत प्रतीक्षा समय आठ मिनट था। वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान फास्टैग की शुरुआत के साथ वाहनों का औसत प्रतीक्षा समय घटकर 47 सेकंड रह गया है।

यद्यपि कुछ स्थानों पर, विशेषकर शहरों के निकट घनी आबादी वाले कस्बों में प्रतीक्षा समय में काफी सुधार हुआ है, फिर भी व्यस्त समय के दौरान टोल प्लाजा पर कुछ देरी होती है।

# गाजा में संघर्ष खत्म होने और डॉलर में गिरावट से भारतीय शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई।**

भारतीय शेयर बाजार में गाजा में संघर्ष खत्म होने की उम्मीद समेत दूसरे सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच गुरुवार को तेजी देखी गई। पीएसयू बैंक और वित्तीय सेवा क्षेत्रों में खरीदारी हुई। सुबह सेंसेक्स 433.66 अंक या 0.57 फीसदी की तेजी के साथ 77,157.74 पर कारोबार किया, जबकि निफ्टी 135.95 अंक या 0.59 फीसदी चढ़कर 23,349.15 पर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,175 शेयर हरे निशान पर कारोबार कर रहा था, जबकि 139 शेयर लाल निशान पर थे। निफ्टी बैंक 526.50 अंक या 1.08 फीसदी बढ़कर 49,278.20 पर था।

निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 774.70 अंक या 1.44 फीसदी की तेजी के साथ 54,673.70 पर कारोबार किया। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 282.90 अंक या 1.63 फीसदी चढ़कर 17,636.85 पर था। विशेषज्ञों की माने तो अमेरिकी बॉन्ड यील्ड और डॉलर इंडेक्स में गिरावट आई। इससे डॉलर इंडेक्स और बॉन्ड यील्ड में गिरावट की वजह अमेरिका में उम्मीद से कम सीपीआई है। इसने इस साल फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को फिर से जगा दिया है। गाजा में संघर्ष खत्म होने की उम्मीद एक और बड़ी राहत है। यह वैश्विक पृष्ठभूमि बाजार के लिए सकारात्मक है। सेंसेक्स पैक में जोमैटो, अडानी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, एसबीआई, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फिनसर्व में सबसे ज्यादा तेजी नजर आई। वहीं, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, आईटीसी, नेस्ले इंडिया और टाइटन को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। अमेरिकी बाजार में बुधवार को डाउ जोंस 1.65 फीसदी चढ़कर 43,221.55 पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में एसएंडपी 500 1.83 फीसदी चढ़कर 5,949.91 पर और नैस्डैक 2.45 फीसदी चढ़कर 19,511.23 पर बंद हुआ।

## भारत में ग्रीन इन्फ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश बढ़ाने की उम्मीद



**नई दिल्ली ।** एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत ग्रीन इन्फ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश को अगले पांच वर्षों में पांच गुना बढ़ाकर 31 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा सकता है। एसऐंडपी ग्लोबल कंपनी की रिपोर्ट में इस निवेश को 2025 तक देखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार इन निवेशों में नवीकरणीय ऊर्जा को सबसे ज्यादा 18.8 लाख करोड़ रुपये, तेल और गैस को 3.3 लाख करोड़ रुपये और ट्रांसपोर्ट और ऑटोमोटिव को 4.1 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की उम्मीद है। इक्रा के मुताबिक यह निवेश पेरिस समझौते के तहत निर्धारित योगदान (एनडीसी) के साथ मिलकर, देश के शुद्ध-शून्य लक्ष्यों को पाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस योजना के लिए आवश्यक माना गया है कि 2070 तक लगभग 10 लाख करोड़ डॉलर का निवेश किया जाए।




## प्रयागराज के लिए हवाई सफर हुआ महंगा

**प्रयागराज ।** एक रिपोर्ट के अनुसार देशभर से प्रयागराज जाने के लिए हवाई सफर 6 गुना तक महंगा हो गया है। दिल्ली से प्रयागराज के लिए टिकट की कीमतें 21 फीसदी तक बढ़ गई हैं। दिल्ली से प्रयागराज का हवाई टिकट 21 फीसदी बढ़कर 5,748 रुपए, अहमदाबाद-प्रयागराज उड़ान का किराया 41 फीसदी की वृद्धि के साथ 10,364 रुपए, बेंगलुरु-प्रयागराज उड़ान के लिए हवाई टिकट की कीमत 89 फीसदी बढ़कर 11,158 रुपए, मुंबई-प्रयागराज उड़ान के लिए यह 13 फीसदी बढ़कर 6,381 रुपए और लखनऊ और वाराणसी के लिए हवाई किराए में तीन से 21 फीसदी तक की वृद्धि हुई है।


## म्यूचुअल फंड और डीमैट अकाउंट्स के नियम बदले

**- सेबी ने जारी की नई गाइडलाइंस**

**मुंबई ।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड और डीमैट अकाउंट्स में नॉमिनेशन के नियम कुछ बदल दिए हैं। इन नए नियमों के तहत निवेशक अब अपने डीमैट खाते या म्यूचुअल फंड फोलियो में अधिकतम 10 व्यक्तियों को नॉमिनी बना सकते हैं। यह संशोधित नियम 1 मार्च, 2025 से लागू होगा। सेबी का यह नया बदलाव निवेशकों के संपत्ति वितरण को बेहतर तरीके से प्रबंधित करने और क्लेम न की जाने वाली संपत्तियों की संख्या को कम करने के उद्देश्य से लागू किया गया है। अक्सर निवेशकों के निधन या गंभीर बीमारी की स्थिति में परिवार के सदस्य संपत्ति को लेकर विवादों में उलझ जाते हैं या कोई व्यक्ति क्लेम नहीं करता। इस स्थिति से निपटने के लिए सेबी ने यह कदम उठाया है। अब निवेशकों को नॉमिनी का पूरा विवरण देना होगा, जिसमें फोन नंबर, ईमेल, पता, आधार नंबर, पैन नंबर, ड्राइविंग लाइसेंस नंबर जैसी जानकारी शामिल होगी और नॉमिनी के साथ रिश्ते को भी स्पष्ट करना होगा। इसके अलावा, नॉमिनी का निर्धारण केवल निवेशक द्वारा किया जा सकेगा, न कि उनके पावर ऑफ अटॉर्नी (पीओए) द्वारा। नई गाइडलाइनों के अनुसार, म्यूचुअल फंड और डीमैट अकाउंट में नामित व्यक्ति को अन्य नॉमिनियों के साथ जॉइंट होल्डर बनने या अलग फोलियो बनाने का विकल्प होगा। इसके साथ ही, रजिस्टर्ड नॉमिनी को एसेट ट्रांसफर करने के लिए मृत निवेशक का डेथ सर्टिफिकेट और नॉमिनी का केवाईसी पूरा होना जरूरी होगा।

## अमेरिका में महंगाई बहुत अधिक, भारत पर असर: समीक्षा

**उच्च ब्याज दरों के कारण विदेशी निवेशक कम कर सकते हैं भारत में निवेश**



**वाशिंगटन ।** दुनिया भर में महंगाई की मार सभी क्षेत्रों को चुनौती देती है। अमेरिका में भी महंगाई की समस्या बढ़ती जा रही है, और इसका भारतीय अर्थव्यवस्था पर सीधा असर हो रहा है। अमेरिका में लगातार बढ़ती महंगाई की समस्या को ध्यान में रखते हुए सरकार ने उच्च ब्याज दरों में इजाफा किया है। इसका परिणाम यह होता है कि अमेरिकी डॉलर मजबूत हो जाता है, और भारत के लोगों के लिए कई चुनौतियाँ पैदा होती हैं। एक ओर भारत के लिए आयात महंगा पड़ने लगता है, जिससे घरेलू महंगाई बढ़ जाती है। दूसरी ओर, उच्च ब्याज दरों के कारण विदेशी निवेशक भारत में निवेश कम कर सकते हैं, जो भारतीय निर्यात सेक्टर को प्रभावित कर सकता है। इसके अतिरिक्त, अमेरिका में महंगाई के कारण मांग में गिरावट होने से भारतीय आईटी, फार्मास्युटिकल्स, और टेक्सटाइल सेक्टर को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। इस तरह, अमेरिका में महंगाई की समस्या भारत के व्यापार, निवेश और मुद्रा विनिमय दर पर सीधा प्रभाव डालती है। सरकारें को उपयुक्त नीतियों की कल्पना और कार्रवाई करने की आवश्यकता है ताकि इस महंगाई की समस्या को सुलझाया जा सके और अर्थव्यवस्था को स्थिर किया जा सके।

# शेयर बाजार बढ़त पर बंद

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। इसके साथ ही अमेरिका में दिसंबर के दौरान महंगाई के कम होने और फेडरल रिजर्व बैंक की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों से भी बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम की खबरों से भी बाजार को बल मिला। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 318.74 अंक करीब 0.42 फीसदी ऊपर आकर 77,042.82 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 98 अंक तकरीबन 0.42 फीसदी की बढ़त के साथ ही 23,311.80 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स का शेयर सबसे ज्यादा बढ़कर बंद हुआ। बजाज फिनसर्व, भारत एयरटेल, एसबीआई, टाटा मोटर्स, अल्ट्रा सीमेंट, एनटीपीसी, रिलायंस, मारुति, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील के शेयर लाभ के साथ ही बंद हुए। वहीं दूसरी ओर एचसीएल टेक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले इंडिया, जोमैटो, टीसीएस, आईटीसी, सनफार्मा, एशियन पेंट्स, टाइटन और इन्फोसिस के शेयर गिरावट पर बंद हुआ। वहीं तीसरी तिमाही के परिणामों से पहले रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस के शेयरों में भी तेजी रही। दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयरों में लगभग 1.1 फीसदी की बढ़त रही। वहीं आईटी कंपनी इंफोसिस के शेयर में 1.21 फीसदी गरिावट रही। दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई कारोबार में मजबूती रही, जापान का बेंचमार्क निक्केई 225 0.3फीसदी बढ़कर 38,572.60




पर बंद हुआ। हांगकांग का हैंग सेंग 1.2 फीसदी बढ़कर 19,522.89 पर पहुंच गया, जबकि शंघाई कंपोजिट इंडेक्स लगभग 0.3 फीसदी बढ़कर 3,236.03 पर पहुंच गया। दक्षिण कोरिया के केंद्रीय बैंक ने बाजार की उम्मीदों के विपरीत अपनी प्रमुख ब्याज दर को 3 फीसदी पर बरकरार रखा। अमेरिकी बाजारों में दिसंबर महीने में कोर मुद्रास्फीति में अप्रत्याशित गिरावट और प्रमुख बैंकों के बेहतर नतीजों ने वैश्विक निवेशकों का भरोसा बढ़ाया। दिसंबर महीने में देश के उत्पादक मूल्य सूचकांक में सालाना आधार पर 3.8 फीसदी की वृद्धि हुई, जो बाजार के अनुमानों के अनुरूप थी। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 इंडेक्स 1.38 प्रतिशत बढ़ा। वहीं गत दिवस भी बाजार हलकी बढ़त पर बंद हुआ था।

इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुले। सेंसेक्स 400 अंक से ज्यादा ऊपर आया जबकि निफ्टी भी 23,350 के करीब पहुंच गया। इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम की खबरों से भी बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। सेंसेक्स गुरुवार को 600 से ज्यादा अंकों की बढ़त लेकर ,319 पर खुला। इसी तरह निफ्टी भी जोरदार तेजी के साथ 23,377.25 पर खुला। एशिया-प्रशांत के बाजारों में मजबूती देखने को मिली।

## मैनकाइंड फार्मा पर 2 करोड़ का जुर्माना

**कोलकाता दक्षिण सीजीएसटी और सीएक्स के आयुक्त कार्यालय से मिला नोटिस**

**नई दिल्ली।** कोलकाता के कर प्राधिकरण ने मैनकाइंड फार्मा लिमिटेड पर वित्त वर्ष 2018 से 2022 की अवधि के आंकड़ों में कथित विसंगति को लेकर दो करोड़ रुपये से अधिक का जीएसटी जुर्माना लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि कंपनी ने विभिन्न वैधानिक रिटर्न में बताए गए आंकड़ों में विसंगति की रिपोर्टिंग की है। मैनकाइंड फार्मा ने इसके बारे में शेयर बाजार को सूचित किया और बताया कि उन्हें कोलकाता दक्षिण सीजीएसटी और सीएक्स के आयुक्त कार्यालय से एक नोटिस मिला है। नोटिस में कहा गया है कि जीएसटी प्राधिकरण ने वित्त वर्ष 2017-18 से 2021-22 के जीएसटी ऑडिट के आधार पर जुर्माना लगाया गया है। मैनकाइंड फार्मा लिमिटेड ने इस मुद्दे पर कोई आलेख नहीं दिया है और उन्होंने इस आरोप के खिलाफ अपील करने का संकेत भी नहीं दिया है। यह इस संदेश को साझा करते हुए कहा गया है कि कंपनी इस मुद्दे को सीजीएसटी और सीएक्स के आयुक्त कार्यालय के साथ हल करने के लिए सहयोग करेगी।




# चार आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुले

**एक मेनबोर्ड आईपीओ स्टे लियान इंडिया का, जबकि तीन एसएमई आईपीओ हैं**

**मुंबई ।**

इस हफ्ते 4 आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुले हैं, जिनमें अच्छा-खासा ग्रे मार्केट प्रीमियम देखने को मिल रहा है। इनमें से एक मेनबोर्ड आईपीओ स्टे लियान इंडिया का है, जबकि तीन एसएमई आईपीओ हैं। यह 88.32 करोड़ रुपए का एक एसएमई आईपीओ है। यह आईपीओ 15 जनवरी को सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था और 17 जनवरी को बंद होगा। शेयरों का अलॉटमेंट 20 जनवरी और लिस्टिंग 22 जनवरी को हो सकती है। ग्रे मार्केट में कंपनी का शेयर 86 रुपए के इश्यू प्राइस के मुकाबले 70 रुपए के प्रीमियम पर ट्रेड करता दिखा है। इस तरह यह शेयर 81.40 फीसदी के प्रीमियम के साथ 156 रुपए पर लिस्ट हो सकता है। यह आईपीओ अब तक 8.47 गुना सब्सक्राइब हो चुका है। यह 40 करोड़ रुपए का एक एसएमई आईपीओ है। यह आईपीओ 15 जनवरी को खुला था और 17 जनवरी को बंद होगा। शेयरों का अलॉटमेंट 20 जनवरी को और लिस्टिंग 22 जनवरी को हो सकती है। इस आईपीओ में एक लॉट 1000 शेयरों का है। यह आईपीओ अब तक 12.52 गुना सब्सक्राइब हो चुका है। ग्रे मार्केट में कंपनी का शेयर 128 रुपए के इश्यू प्राइस के मुकाबले 90 रुपए




के प्रीमियम पर ट्रेड करता दिखा। इस तरह इस शेयर की लिस्टिंग 70.31 फीसदी के प्रीमियम के साथ 218 रुपए पर हो सकती है। यह 199.45 करोड़ रुपए का एक मेनबोर्ड आईपीओ है। यह आईपीओ 16 जनवरी यानी आज सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन है और 20 जनवरी को बंद होगा। 21 जनवरी को शेयरों का अलॉटमेंट होगा और 23 जनवरी को स्टॉक एक्सचेंजों पर शेयर की लिस्टिंग होगी। इस आईपीओ में एक लॉट 165 शेयरों का है। ग्रे मार्केट में यह शेयर 90 रुपए के इश्यू प्राइस के मुकाबले 48 फीसदी के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। इस तरह यह शेयर 53.33 फीसदी के प्रीमियम के साथ 138 रुपए पर लिस्ट हो सकता है।

## भारत में ई-कॉमर्स निर्यात को बढ़ावा, पहला केंद्र मार्च में होगा शुरू




**नई दिल्ली ।** भारत में ई-कॉमर्स क्षेत्र में एक नया मोर्चा खोलने की तैयारी है। देश का पहला ई-कॉमर्स निर्यात केंद्र मार्च में हो सकता है। विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) ने बताया कि केंद्रों की प्रायोगिक शुरुआत को पांच कंपनियों के साथ किया जा रहा है। इन केंद्रों की प्रमुख विशेषताओं में इसे विदेशी व्यापार को आसान बनाने के लिए बनाया गया है। यह कदम भारत के व्यापार में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है और उसे ई-कॉमर्स निर्यात में आवासीय स्थिति तक ले जाएगा। निदेशक ने इसके साथ ही एक डायमंड इम्प्रेस्ट ऑथराइजेशन (डीआईए) योजना की भी घोषणा की। इस योजना के तहत हीरे के आयात पर किए जाने वाले शुल्क मुक्त होंगे, जिससे भारत को हीरा प्रसंस्करण के केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सकेगा। इस नये केंद्र के शुरू होने से भारत की आर्थिक वृद्धि में एक बड़ा धक्का मिल सकता है और देश को ई-कॉमर्स क्षेत्र में वृद्धि दर्शाने का मौका मिल सकता है।

# एनसीए के सितांशु कोटक भारत के बल्लेबाजी कोच बने, अभिषेक नायर पर दबाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सौराष्ट्र के पूर्व बल्लेबाज सितांशु कोटक को इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला और चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले बृहस्पतिवार को भारत का बल्लेबाजी कोच बनाया गया चूंकि ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सहायक कोच अभिषेक नायर का प्रदर्शन आशातीत नहीं रहा। 52 वर्ष के कोटक लंबे समय से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में बल्लेबाजी कोच हैं। वह सीनियर और ए टीमों के साथ दौरों पर जा चुके हैं।

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा ,'यह स्पष्ट है कि अभिषेक नायर से खिलाड़ियों को मदद नहीं मिल पा रही है। कोटक लंबे समय से बल्लेबाजी कोच हैं और खिलाड़ी उन पर भरोसा करते हैं।' ऑस्ट्रेलिया में भारतीय बल्लेबाजों की तकनीकी कमियां उजागर हुई और विराट कोहली आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंदों पर विकेट गंवाते रहे। कोटक ने घरेलू क्रिकेट में 15 शतक समेत 8000 से अधिक रन बनाए हैं। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से पांच टी20 और तीन वनडे मैचों की श्रृंखला खेलेगी।

सूत्र ने कहा, 'भारत ए टीम का दौरा होने वाला है और कोटक आम तौर पर ए टीमों के साथ रहते हैं। वह लेवल तीन के कोच हैं और अतीत में वीवीएस लक्ष्मण के सहायक रह चुके हैं। वह पिछले साल आयरलैंड दौरे पर भारत के कोच थे। चूंकि वह एनसीए स्टाफ हैं तो उन्हें कहीं भी भेजा जा सकता है।'

समझा जाता है कि मुंबई के पूर्व दिग्गज नायर समीक्षा के दायरे में है। ऐसा माना जा रहा है कि वह सिर्फ प्रभावी सीनियर खिलाड़ियों के लिए ही उपलब्ध रहते हैं जिनकी उनकी नियुक्ति में भूमिका रही है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर महान पूर्व बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भारतीय सहयोगी स्टाफ की भूमिका पर यह कहकर सवाल उठाया था कि कोहली जैसे खिलाड़ियों के साथ लगातार तकनीकी समस्या आने के लिये उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। सहयोगी स्टाफ में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्नी मोर्कल (गेंदबाजी) और नीदरलैंड के रियान टेन डोइशे (फील्डिंग) कोच हैं।



# फेक न्यूज फैलाने वालों पर भड़के जसप्रीत बुमराह, बेड रेस्ट की आई थी रिपोर्ट



**मुम्बई (एजेंसी)।** टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को लेकर इन दिनों कई अफवाह आ रही हैं। कई रिपोर्ट में तो ये भी दावा किया जा रहा है कि बुमराह को बेड रेस्ट की सलाह दी गई है। अब इन तमाम मीडिया रिपोर्ट पर खुद बुमराह ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस दौरान कहा कि फेक न्यूज फैलाना आसान है। इसका मतलब है कि बुमराह को बेड रेस्ट नहीं दिया गया है।

बता दें कि हाल ही में ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर खेली गई पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के आखिरी मुकाबले में बुमराह को बैक स्पाज्म हुआ था, जिसके बाद भारतीय गेंदबाज मैच के बीच में स्कैन के लिए गए थे। बुमराह ने इसके बाद मुकाबले में गेंदबाजी भी नहीं कराई थी। बुमराह के गेंदबाजी नहीं कराने से तरह-तरह की अटकलें लगनी शुरू हो गई थीं।

तमाम रिपोर्ट्स में तो ये भी दावा किया जा चुका है कि, बुमराह फरवरी-मार्च में खेली जाने वाली चैंपियंस ट्रॉफी भी मिस कर सकते हैं। हालांकि, बुमराह की चोट पर बीसीसीआई की तरफ से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन खुद बुमराह ने जरूर सबकी क्लास लगा दी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बुमराह ने अपनी बेड रेस्ट वाली फैलती खबरों पर रिप्लाई करते हुए लिखा कि, मुझे पता कि फेक न्यूज फैलाना आसान है लेकिन इससे मुझे हंसी आती है। सोर्स अविश्वसनीय।

बता दें कि, टीम इंडिया को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज खेलनी है। इस सीरीज में 5 टी20 और 3 वनडे मैच खेले जाएंगे। टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। जिसमें जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि वनडे सीरीज के लिए उन्हें टीम में रखा जाता है या नहीं।

## संन्यास के बाद भी मोटी कमाई कर रहे धवन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद भी मोटी कमाई कर रहे हैं। धवन आजकल फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेल रहे हैं। वह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद नेपाल प्रीमियर लीग और बिग क्रिकेट लीग में खेलते हुए दिखे थे। धवन की कमाई का स्रोत लीग क्रिकेट के साथ ही विज्ञापन हैं। उनकी उनकी नेटवर्थ लगभग सवा सौ करोड़ पहुंच गयी है। धवन एंडोर्समेंट से ही हर महीने लाखों की कमाई करते हैं। उन्होंने कई बड़ी कंपनियों में निवेश भी किया है। धवन के पास दिल्ली में एक आलीशान घर भी है। एक रिपोर्ट के अनुसार धवन की नेटवर्थ लगभग 125 करोड़ रुपये के आसपास है। वह बीसीसीआई के ग्रेड ए अनुबंध में शामिल रहे थे। इसके लिए उन्हें बीसीसीआई की ओर से सालाना 5 करोड़ रुपये मिलते थे। इसके अलावा एक टेस्ट खेलने के उन्हें 15 लाख मिलते थे जबकि एकदिवसीय और टी20 के क्रमशः 6 लाख और 5 लाख रुपये मिलते थे। साल 2010 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर की शुरुआत करने वाले धवन ने टीम इंडिया में सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेला है। चैम्पियंस ट्रॉफी 2017 और आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2015 में वह भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल रहे थे। आईपीएल में सबसे पहले दो शतक लगाने का रिकॉर्ड उनके नाम है।



आईपीएल से भी धवन ने करोड़ों की कमाई की है। वह 2014 से 2017 तक आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद फ्रेंचाइजी के साथ रहे। इस दौरान फ्रेंचाइजी ने उन्हें हर साल 12.50 करोड़ रुपये दिए। वहीं 2018 से 2021 तक वह दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े रहे जिसने उन्हें 5.20 करोड़ हर साल दिए। 2022 से 2024 तक धवन पंजाब किंग्स के साथ रहे. पंजाब ने उन्हें 8.25 करोड़ में अपने साथ जोड़ा था। धवन ने साल 2015 में ऑस्ट्रेलिया में 730,000 डॉलर में घर खरीदा था जो भारतीय मुद्रा में लगभग 7 करोड़ था। गब्बर महंगी महंगी घड़ियों के शौकीन हैं। इसके अलावा उनके पास कई लग्जरी गाड़ियां भी हैं। वह बोट, आईएमजी रिलायंस, एल्सिस स्पोर्ट्स, नेरोलैक पेंट्स, जीएस कैलटेक्स, लेज़ और ओप्पो जैसी बड़ी कंपनियों के लिए विज्ञापन करते हैं।

# फॉर्म हासिल करने के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना सबसे अच्छा तरीका : युवराज सिंह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व बल्लेबाज युवराज सिंह का मानना है कि फॉर्म से जूझ रहे खिलाड़ी को राष्ट्रीय टीम में अपने कद की परवाह किए बिना हमेशा घरेलू क्रिकेट में खेलना चाहिए। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे स्टार खराब फॉर्म में हैं जिससे इस बात पर बहस चल रही है कि उन्हें रणजी ट्रॉफी मैचों में खेलना चाहिए या नहीं।



बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत को ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा जिससे रोहित और कोहली के लाल गेंद की फॉर्म हासिल करने के लिए रणजी ट्रॉफी में खेलने की बात चल रही है। दोनों बल्लेबाज पांच टेस्ट मैचों के दौरान रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे, विशेषकर रोहित, जिन्होंने सिडनी में अंतिम टेस्ट के लिए खुद नहीं खेलने का फैसला किया।

'सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग' के लांच कार्यक्रम के दौरान युवराज ने कहा, 'घरेलू क्रिकेट महत्वपूर्ण है। मैंने हमेशा महसूस किया है कि अगर आपके पास समय है और अगर आप अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं तो आपको निश्चित रूप से घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। यह अभ्यास करने और मैच खेलने का सबसे अच्छा तरीका है। मुझे लगता है कि अगर आपके पास समय है और आप चोटिल नहीं हैं तो घरेलू क्रिकेट बहुत महत्वपूर्ण है।'

सुनील गावस्कर, रवि शास्त्री और यहां तक ??कि भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी भारत के लगातार टेस्ट श्रृंखला गंवाने के बाद घरेलू क्रिकेट के महत्व के बारे में बात की है। रोहित 23 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी मुकाबलों से पहले मुंबई के अभ्यास सत्रों में शामिल हुए, वहीं कोहली ने अभी तक दिल्ली के लिए घरेलू वापसी के कोई संकेत नहीं दिए हैं। ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल जैसे अन्य स्टार खिलाड़ियों ने अपनी घरेलू टीमों में खेलने के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है।

बाएं हाथ के बेहतरीन बल्लेबाजों में शुमार युवराज ने रोहित की सराहना की कि उन्होंने खराब फॉर्म के कारण सिडनी टेस्ट से खुद को आराम देने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया में हार के बाद गंभीर की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है, लेकिन युवराज ने अपने दोनों पूर्व साथियों का बचाव किया। उन्होंने कहा, 'मैंने पहले भी कहा है। आप लोग श्रृंखला दर श्रृंखला देखते हैं। अगर भारत श्रृंखला जीतता है तो आप अच्छी बातें करते हैं, अगर हारता है तो आप आलोचना करते हैं।' युवराज ने कहा, 'मैं हमेशा पांच साल या तीन साल की अवधि में टीम के ग्राफ को देखता हूं। गौतम अभी आए हैं, उन्हें और समय चाहिए। अगर आप रोहित की बात करें तो उन्होंने कप्तान के तौर पर टी20 विश्व कप जीता है, जब भारत ने वनडे विश्व कप फाइनल खेला था तब भी वह कप्तान थे। उन्होंने मुंबई इंडियंस को पांच आईपीएल खिताब दिलाए।' उन्होंने पूछा, 'उस खिलाड़ी ने आखिरी मैच से हटकर किसी और को मौका दिया। पहले कितने कप्तानों ने ऐसा किया है? कृपया मुझे बताएं।' उन्होंने दोहराया कि न्यूजीलैंड से घरेलू मैदान पर 0-3 से हारना पचा पाना मुश्किल है।

## इंग्लैंड दौरे में मिल सकता है सरफराज को अवसर

नई दिल्ली ।घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने वाले सरफराज खान को जून में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से एक बार फिर अवसर मिल सकता है ।ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्हें एक भी टेस्ट मैच में खेलने का मौका नहीं मिला पर वह चोटिल हो गए हैं । ऐसे में अब वह रणजी ट्रॉफी के दूसरे राउंड में भी नहीं खेल पायेंगे हालांकि उनके नॉकआउट मैचों के लिए फिट होने की संभावना है। उन्हें पसलियों में हल्का फ्रेक्चर है ।यह चोट उन्हें ऑस्ट्रेलिया में फील्डिंग करते समय लगी ।भारत लौटने पर उनका स्कैन कराया गया जिसमें पसली में हल्का फ्रेक्चर है ।भारतीय टीम को अब टेस्ट क्रिकेट जून में खेलना है ।तब टीम इंडिया इंग्लैंड दौरे पर जाएगी जहां उसे मेजबानों के साथ 5 टेस्ट की सीरीज खेलनी है ।सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से खेला जाएगा। सरफराज ने अपना आखिरी टेस्ट न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले साल नवंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर में खेला था ।उन्होंने अभी तक भारत के लिए केवल एक टेस्ट में डेब्यू किया है ।ऐसे में अब वह तभी भारतीय टीम में नजर आ सकते हैं ।सरफराज का घरेलू क्रिकेट में शानदार रिकॉर्ड है ।उन्हें घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद साल 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू का मौका मिला ।सरफराज ने अब तक 6 टेस्ट खेले हैं जिसमें उन्होंने 371 रन बनाए हैं जिसमें 1 शतक और 3 अर्धशतक शामिल है ।उनका सबसे अधिक स्कोर 150 रन रहा है ।इसके अलावा 54 फर्स्ट क्लास मैचों में सरफराज खान के नाम 4593 रन दर्ज हैं ।



## पडिक्कल ने लिस्ट ए क्रिकेट में अपने 2000 रन पूरे किये

### -औसत के मामले में विराट और डिविलियर्स को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली ।बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में अर्धशतकीय पारी खेलकर अपनी टीम कर्नाटक को फाइनल में पहुंचाने के साथ ही एक अहम रिकार्ड भी अपने नाम किया है। पडिक्कल ने हरियाणा के खिलाफ सेमीफाइनल में 86 रन बनाने के साथ ही लिस्ट ए क्रिकेट में अपने 2000 रन भी पूरे कर लिए। उन्होंने ये रन 82.38 की औसत से बनाए। इस प्रकार लिस्ट ए में कम से कम 2000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों में सबसे ज्यादा औसत से रन बनाने के मामले में पडिक्कल ने विराट कोहली और एबी डिविलियर्स को दिग्गज बल्लेबाजों का भी रिकार्ड तोड़ दिया है। पडिक्कल ने लिस्ट ए क्रिकेट में 41 मैचों में 2063 रन बनाए हैं ।इस दौरान उनका बल्लेबाजी औसत 82.52 रहा है ।उनके नाम लिस्ट ए क्रिकेट में 9 शतक और 12 अर्धशतक हैं ।इस प्रकार वह सबसे ज्यादा औसत से शुरुआती 2000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों में पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इसके के साथ ही ऋतुराज गायकवाड़ (58.16) ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी माइकल बेवन (57.86) विराट कोहली (57.05) और एबी डिविलियर्स (53.47) को भी पीछे छोड़ दिया है। पडिक्कल अभी तक एकदिवसीय में डेब्यू नहीं कर पाये हैं ।ऐसे में माना जा हरा है कि अपनी इस पारी से उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है ।अब देखना है कि उन्हें अवसर मिलता है या नहीं ।



# बोलैंड के आने से सीरीज जीता ऑस्ट्रेलिया : अश्विन

**चेन्नई (एजेंसी)।** दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड के टीम में आने से ऑस्ट्रेलियाई टीम को लाभ हुआ था। अश्विन के अनुसार बोलैंड के आने के बाद मैच ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में आ गया था। उन्होंने कहा कि बोलैंड नहीं होते तो ऑस्ट्रेलिया हार जीती क्योंकि भारतीय टीम के कई बल्लेबाज इस गेंदबाज का सामना नहीं कर पाये थे। बोलैंड की राउंड-द-विकेट गेंदें खेलना दाएं हाथ के भारतीय बल्लेबाजों के लिए सबसे मुश्किल साबित हुईं। बोलैंड पूरी सीरीज में जबरदस्त गेंदबाजी करते रहे। उन्होंने अपनी क लाइन और लेंथ से भारतीय बल्लेबाजों को संभलने का कोई अवसर नहीं दिया। विशेष रुप से विराट कोहली के लिए वह किसी बुरे सपने की तरह रहे। विराट चार बार इस गेंदबाज का शिकार बने। उन्होंने तीन मैचों में 13.19 की औसत से 21 विकेट लिए जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/45 रहा। उन्होंने पांचवें टेस्ट में 10 विकेट लिए। वह सीरीज में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।




अश्विन ने कहा, सभी ने कहा कि पैट कमिंस ने शानदार गेंदबाजी की पर उन्हें बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई टीम की किस्मता अच्छी थी जो उसने बोलैंड को अवसर दिया। अगर बोलैंड नहीं होते तो भारतीय टीम सीरीज जीत जाती। वहीं अगर वे उसी पारंपरिक आक्रमण के साथ जारी रहते, तो हम जीत जाते। बोलैंड को जोश हेजलवुड के चोटिल होने के कारण टीम में जगह मिली थी।

अश्विन ने यह भी कहा कि क्रिकेट के लिए यह सीरीज बेहतरीन थी। अश्विन ने कहा, सिडनी में आखिरी सत्र तक सीरीज में संघर्ष था। मेजबान टीम ने अंतिम दिन तक कड़ी टक्कर के बाद सीरीज जीती। उस्मान ख्वाजा ने सीरीज के बाद कहा, मुझे बुमराह ने आउट किया इससे पता चलता है कि सीरीज कितनी जोरदार थी।

गौरतलब है कि भारतीय टीम की हार के कारण बने बोलैंड ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। हालांकि पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के होने के कारण वह बहुत अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेल पाये। 13 टेस्ट मैचों में उन्होंने 17.66 की औसत और 6/7 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ 56 विकेट लिए हैं। उन्होंने 14 एकदिवसीय और तीन टी20 मैच भी खेले हैं, में कुल मिलाकर 19 विकेट लिए हैं।

## स्नेहा सिंह ने महिला पीजीटी टूर्नामेंट में बनाई बढ़त




कोलकाता। स्नेहा सिंह ने दो अंडर 68 का दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए बृहस्पतिवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के दूसरे दौर के बाद एक शॉट की बढ़त बना ली ।ऑर्डर ऑफ मेरिट 2023 जीतने वाली स्नेहा का दो दौर के बाद कुल स्कोर एक अंडर 139 है ।स्नेहा एकमात्र खिलाड़ी हैं जिनका दूसरे दौर के बाद अंडर पार स्कोर है ।दूसरे दौर में दो ओवर 72 का स्कोर बनाने वाली वाणी कपूर ने अपनी बढ़त गंवा दी है और वह स्नेहा से एक शॉट पीछे दूसरे स्थान पर हैं ।पिछले सत्र में अपना पहला पेशेवर खिताब जीतने वाली अंविता नरेंद्र 72 का स्कोर बनाने के बाद तीसरे स्थान पर हैं ।जैस्मिन शेखर (74-73) और रवजोत के दोसांझ (72-75) संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं ।

## पटना में रणजी सत्र के दूसरे चरण में खेलते नजर आयेंगे रिंकू और नीतीश राणा

पटना ।बिहार की राजधानी पटना में 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी सत्र के दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश से होने वाले मुकाबले में रिंकू सिंह और नीतीश राणा भी खेलते हुए नजर आयेंगे ।हाल में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने को अनिवार्य बनाया था ।इसी के तहत ही रिंकू सिंह और नीतीश राणा भी उत्तर प्रदेश रणजी टीम की ओर से खेल रहे हैं ।बिहार और उत्तर प्रदेश के बीच मुकाबला 23 से 26 जनवरी के बीच पटना में खेला जाएगा ।इसके अलावा यूपी टीम के बल्लेबाज स्वास्तिक चिकारा, माधव कौशिक, प्रियम गर्ग, समीर रिजवी के प्रदर्शन पर भी इस मैच में लोगों की नजरें रहेंगी। ग्रुप सी में खेल रही बिहार टीम को पांच मैचों में से 3 मैचों में पारी से हार मिली है। बंगाल के खिलाफ मुकाबला नहीं खेला जा सका. बिहार के पास अभी 1 अंक है ।अब दूसरे चरण में बिहार अपना पहला मैच यूपी से घरेलू मैदान पर खेलेगी ।वहीं दूसरा और इस सत्र का अंतिम मैच 30 जनवरी से होगा जिसकी मेजबानी केरल करेगा ।साल 2022 में प्लेट ग्रुप में चैंपियन बनने के बाद से ही बिहार पिछले दो सत्र से एलीट ग्रुप में खेल रहा है ।बिहार को अब हर हाल में अगले दो मैचों में से एक जीतना होगा तभी एलीट ग्रुप में रह पायेगा. बिहार अगर यह दोनों मैच हार जाता है तो एलीट ग्रुप से प्लेट ग्रुप में चला जाएगा ।

## विराट-अनुष्का राधावल्लभ जी के दर्शनों के लिए पहुंचे



नई दिल्ली ।भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज विराट कोहली आजकल आध्यात्म में रमे नजर आ रहे हैं। हाल में विराट अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा बच्चों के साथ आध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद महाराज से आशीर्वाद लेने पहुंचे थे ।वहीं अब विराट और अनुष्का राधावल्लभ जी के दर्शनों में लीन दिखे हैं ।इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है ।उसमें विराट को हाथ जोड़े देखा जा सकता है ।वहीं, अनुष्का राधावल्लभ जी को साष्टांग प्रणाम कर रही हैं ।इसके बाद अनुष्का-विराट कुछ देर बैठकर सत्संग का भी आनंद लेते हैं. साल 2024 से ही विराट और अनुष्का का झुकाक धर्म की ओर अधिक दिखा है। वह लंदन में भी कृष्णा दास कीर्तन में नजर आये थे ।वहीं भारत आने पर उन्होंने प्रेमानंद महाराज के दर्शन किये थे। इस साल भी दोनो ऑस्ट्रेलिया से वापसी के बाद सीधे ही वृंदावन में प्रेमानंद महाराज के आश्रम में पहुंचे थे ।उनके साथ दोनों बच्चे वामिका और अकाय भी थे। प्रेमानंद महाराज से उन्होंने भक्ति प्रेम के बारे में बात करते देखा गया। दोनों को प्रेमानंद महाराज ने आशीर्वाद भी दिया ।विराट अभी अपने करियर के सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं ओर ऐसे में उनकी टीम में जगह को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं ।इससे भी विराट की इस यात्रा को जोड़कर देखा जा रहा है ।

# मैंने पिता को यह खबर नहीं दी क्योंकि उन्हें दिल का दौरा पड़ा था : शैफाली वर्मा

**राजकोट (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर शैफाली वर्मा नवंबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे से ही टीम इंडिया से बाहर चल रही हैं। जब टीम में नाम न होने का पता शैफाली को लगा तो उन्होंने इस खबर को सबसे पहले अपने पिता से छिपाया था क्योंकि दो दिन पहले ही उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। सारा परिवार पहले से ही तनाव में था, तो ऐसे में शैफाली ने भी पिता से एक सप्ताह तक यह खबर छिपाकर रखी।

शैफाली ने सीनियर महिला वन डे चैलेंजर ट्रॉफी के मौके पर कहा कि इससे उबरना आसान नहीं है। मैं खुलासा नहीं करना चाहती थी क्योंकि मेरे टीम से बाहर होने से करीब दो दिन पहले मेरे पिता को दिल का दौरा पड़ा था। जब तक वह ठीक नहीं हो गया, मैंने उससे यह खबर छिपाई। वह अस्पताल में थे। मैंने उसे एक हफ्ते बाद बताया। संजीव ने यह खबर मिलते ही खुद को संभाला और शैफाली को अभ्यास के लिए ले जाना शुरू कर दिया। वह उनके पहले कोच थे, जो 5 बजे उठते थे और अभ्यास के लिए पड़ोस में खाली जगह ढूंढने जाते थे।

शैफाली ने कहा कि पिता सब कुछ जानते हैं, कभी-कभी बच्चों के रूप में हम भी अपनी ताकत भूल जाते हैं लेकिन वे नहीं भूलते। उन्होंने मुझे बचपन के वर्कआउट और अभ्यास की याद दिलाई और ऐसा करने में मेरी मदद भी की। जब मैंने शुरुआत की, तो हमारे पास ये नॉकिंग अभ्यास थे - जहां मैं ऑन-ड्राइव, स्ट्रेट ड्राइव खेली थी। मैंने इसी पर काम किया। ये मेरी ताकत हैं और कभी-कभी आपको यह याद रखने के लिए उन पर काम करने की जरूरत होती है कि आप उनमें कितने अच्छे हैं।

राष्ट्रीय टीम से बाहर किए जाने के बाद शैफाली ने जो दो घरेलू टूर्नामेंट खेले हैं, उनमें उन्होंने कुल 12 मैचों में 527 और 414 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और पांच अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्होंने स्ट्राइक के रोटेशन पर काम किया है। उन्होंने कहा कि निरंतर काम उन क्षेत्रों पर होता है जैसे जब गेंदें मेरी ताकत के अनुरूप नहीं होती हैं, मैं सिंगल कैसे लेती हूं, मैं स्ट्राइक कैसे रोटेट करती हूं, मैं अपनी पारी कैसे बनाती हूं - यह आखिरी चीज है जिस पर काम चल रहा है। हर कोई मेरी ताकत जानता है, लेकिन मेरा निरंतर लक्ष्य यह सीखकर मानसिक रूप से बेहतर बनना है कि पारी को बेहतर तरीके से कैसे तैयार किया जाए।

शैफाली ने कहा कि अगर मैं अभ्यास के 5-6 दिनों में 500 से अधिक रन बना रही हूं, तो कल्पना करें कि मैं एक महीने या 20 दिनों के लिए पर्दे के पीछे अधिक काम करके क्या कर सकता हूं। मुझे अपने परिवार और हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन को धन्यवाद देना होगा। जब मैं इस काम के बारे में कुछ भी नहीं जानता था तो उन्होंने अंडर 19 की कप्तानी के लिए मुझ पर भरोसा किया। उन्होंने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया, मुझे सिखाया कि मैं कैसे काम कर सकती हूं। इससे मेरी बल्लेबाजी में भी मदद मिल रही है।



समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# कुशल टंडन संग पार्टी करती दिखीं शिवांगी जोशी

शिवांगी जोशी और कुशल टंडन, टीवी के जाने-माने एक्टर्स हैं। दोनों के पिछले साल से रिलेशनशिप में होने की बात सामने आ रही है। लेकिन अभी तक इन्हें साथ में फैंस ने कपल के तौर पर नहीं देखा, ना ही दोनों एक्टर्स ने इस बात की पुष्टि भी की। ऐसे में जब शिवांगी और कुशल को साथ में पार्टी करते देखा गया और शिवांगी ने ये वीडियो अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लगाया।

शिवांगी और कुशल की जोड़ी को पसंद करने वाले फैंस ने जब दोनों का साथ में पार्टी वाला वीडियो देखा तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। एक फैन ने सोशल मीडिया पर लिखा- 'कुशल और शिवांगी अपने प्राइवेसी जोन से बाहर आने में आपको एक साल का समय लगा है। लेकिन मैं दोनों को साथ में देखकर खुश हूं।' एक और फैन लिखती है- 'ये दोनों साथ में बहुत प्यारे लगते हैं।' फैन ने कुशल और शिवांगी की जोड़ी को एक नाम भी दिया- 'कुशिव'। दोनों एक्टर्स के नाम को मिलाकर यह नया नाम बना है। कई फैंस अपनी पसंदीदा जोड़ी को ऐसी अलग तरह का नाम देते हैं।

### कुशल ने शादी करने की बात की

साल 2024 में कुशल टंडन ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वह प्यार में हैं और उनके माता-पिता चाहते हैं कि वह जल्द शादी कर लें। लेकिन वह अपने रिश्ते को धीरे-धीरे आगे लेकर जाना चाहते हैं।

### सीरियल के सेट पर प्यार की शुरुआत



शिवांगी जोशी और कुशल टंडन टीवी सीरियल बरसातें-मौसम प्यार का में साथ नजर आए थे। ऐसा माना जाता है कि इसी सीरियल के सेट पर दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी थी। इससे पहले शिवांगी ये रिश्ता क्या कहलाता है सीरियल से पॉपुलर हुईं। वहीं कुशल टंडन सीरियल एक हजारों में मेरी बहना है से लाइमलाइट में आए।



# अभी एक्टिंग में नए मुकाम की तलाश में हैं श्रेया चौधरी

बंदिश बैंडिट्स के सीजन 2 से चर्चा में आईं एक्ट्रेस श्रेया चौधरी ने इससे पहले भी कई शोज और वेब सीरीज में काम किया है। उनके रोल्स काफी दमदार रहे हैं और वो अभी एक्टिंग में नए मुकाम की तलाश में हैं।

ओटीटी ने कई नए कलाकारों को न केवल अभिनय की जमीन दी, मगर साथ ही नई-नई भूमिकाओं में एक्सपेरिमेंट करने का हौसला भी। ऐसे ही कलाकारों में एक अभिनेत्री हैं श्रेया चौधरी, जो इन दिनों वेब सीरीज बंदिश बैंडिट्स के सीजन 2 से चर्चा में हैं। अपनी इस सीरीज में उन्हें नसीरुद्दीन शाह और दिव्या दत्ता जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिला है, मगर वे इससे पहले मनीषा कोइराला के साथ डियर माया में काम कर चुकी हैं। उनका कहना है कि मनीषा कोइराला से उन्होंने बहुत कुछ सीखा। वे कहती हैं, मैं उस वक्त काफी नई थी। 2017 की बात है। मैं जब पहले दिन सेट पर पहुंची, तो बहुत नर्वस थी। मैंने देख कि मेरे सामने एक ऐसी अभिनेत्री खड़ी हैं, जिन्होंने अपने जीवन में सब कुछ अचीव कर लिया है। कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, मगर सेट पर उनकी विनम्रता देखते बनती थी। वे मुझसे इतने प्यार से मिलीं कि मैं तो एकदम अभिभूत हो गई। वे रोजाना सेट पर अपनी पूरी रिहर्सल करतीं। उन्होंने कभी ये नहीं जताया कि वे बड़ी अभिनेत्री हैं। अपनी इस सीरीज में मैं नसीर सर, दिव्या और शीबा मैम (दिव्या दत्ता और शीबा) के साथ काम कर चुकी हूं। जितने भी बड़े आर्टिस्ट हैं, उनमें एक बात मैंने जरूर देखी है कि वे सेट पर ऐसे आते हैं, जैसे पहली बार अभिनय करने आए हों। इन सभी कलाकारों में मैंने बच्चों-सी उत्सुकता देखी। वही जिज्ञासा, जो पहली बार होती है। मुझे लगता है कि यही बातें इन्हें बड़ा कलाकार बनाती हैं।

### मेरी मां ने दिए प्यार को लेकर टिप्स

ब्यूटी पेजेंट्स में कई टाइटल जीत चुकी श्रेया अपनी हालिया सीरीज बंदिश बैंडिट्स में सिंगर तमन्ना का किरदार निभा रही हैं, जो अपनी संगीत की विरासत के बावजूद एक जुनूनी प्यार में पड़ जाती हैं। उनसे जब पूछा जाता है कि वे किस तरह के प्यार में यकीन करती हैं? क्योंकि आज प्यार ने बहुत मॉडर्न रूप ले लिया है, तो वे कहती हैं, मेरे सामने प्यार का सबसे खूबसूरत रूप मेरे माता-पिता हैं, जो अलग कास्ट से आते हैं। जब उन्होंने प्यार किया, तो उनकी शादी के लिए उनके परिवार कत्तई राजी नहीं थे, मगर वे अपने प्यार पर अडिग रहे और वे आज भी साथ हैं। मेरी मां ने मुझे और मेरे भाई को प्यार को लेकर एक सलाह दी कि कभी भी किसी से प्यार करना, तो इतना करना कि उसके लिए पूरी दुनिया से लड़ सको। मेरे पैरेंट्स के कारण प्यार को लेकर मेरी सोच जुनूनी और ओल्ड स्कूल है। मैं उसी तरह का प्यार करती हूं, मगर हां, आज की तारीख में मैं प्यार के बजाय अपने करियर पर ध्यान देना चाहती हूं। मैं एक ओल्ड स्कूल लवर हूं।

### इम्तियाज अली सर की हीरोइन बनना चाहती हूं

बहुत कम लोग जानते हैं कि श्रेया इम्तियाज अली निर्देशित शॉर्ट फिल्म,द अदर वे में काम कर चुकी हैं। वे कहती हैं, इम्तियाज अली सर ही थे, जिन्होंने मुझे यकीन दिलाया कि मैं अभिनेत्री बन सकती हूं और सही राह पर हूं। मैंने उनसे अभिनय की बारीकियां सीखीं और मेरी दिली इच्छा है कि इम्तियाज सर की फिल्मों की हीरोइन बनूं। मैं कोलकाता से हूं और हमेशा से अभिनेत्री बनना चाहती थी, मगर मेरा यकीन पुख्ता करने में इम्तियाज सर का बहुत बड़ा हाथ रहा। जल्द ही मैं बोमन इरानी निर्देशित मेहता बॉयज में नजर आऊंगी। मेरा रोल काफी दिलचस्प है। मैं फिल्म को लेकर काफी उत्सुक हूं।




# आश्रम 4 में होंगे 5 एपिसोड, नए ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आएगी सीरीज

एनिमल की अपार सफलता के चलते बॉबी देओल पर इंडस्ट्री बड़े दांव लगा रही है। यहां तक कि रिलीज होने से पेंडिंग चल रहे प्रोजेक्ट्स को भी रीवाइव किया जा रहा है। मिसाल के तौर पर आश्रम 4। इसमें वे नेगेटिव रोल में रहे हैं। तीसरा सीजन दो साल पहले एमएक्स प्लेयर प्लेटफॉर्म पर आया था। ऐसे में अब नए साल में आश्रम 4 को रिलीज करने की तैयारियां जारी हैं। इस सीरीज को प्रकाश झा डायरेक्ट करते रहे हैं। हालांकि आगे के सीजन्स को वह सिर्फ सुपरवाइज करेंगे। डायरेक्शन की कमान किसी और के हाथ होगी। इसकी अनाउंसमेंट जल्द होगी।

### इस बार सीरीज की कहानी किरदार पम्मी पर ही फोकस होगी

वेब सीरीज आश्रम 4 प्राइम वीडियो पर ही आएगा। सीजन 5 की भी चर्चा है। लेकिन वे एडवांस स्टेज पर है। यह पहले सीजन 4 आ जाए, तो उसके बाद देखेंगे क्या करना है। मेकर्स को ओटीटी वालों ने कहा है कि इस पर काम करना है। इसके अलावा सीजन 5 की भी स्टोरी लाइन तैयारी में है। सीजन 4 की कहानी मूल पम्मी के किरदार पर है। इस बार के सीजन के कुल 5 एपिसोड हैं।

### जयपुर और भोपाल में हुई शूटिंग

इसकी शूटिंग जयपुर और भोपाल में हुई है। जबकि प्रकाश झा के बैनर से एक और प्रोजेक्ट जिसका पहले नाम लाल बत्ती था, उसकी शूटिंग यूपी में प्रयागराज और लखनऊ में की गई है। आश्रम 4 के चार-पांच एपिसोड पहले ही शूट कर लिए गए थे।

# जयदीप अहलावत ने पाताल लोक 2 के कई रहस्य से उठाया पर्दा



पाताल लोक अमेजन प्राइम वीडियो पर सबसे पसंदीदा क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज में से एक है। इस सीरीज का दूसरा भाग पाताल लोक 2 बस कुछ ही दिनों में वापसी कर रहा है। निर्माताओं ने वेब सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर प्रशंसकों की उत्सुकता को बढ़ा दिया है। इसी बीच सीरीज में हाथीराम चौधरी की भूमिका से वापसी कर रहे जयदीप अहलावत ने सीरीज के कई रहस्यों से पर्दा उठाया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान जयदीप अहलावत ने कहा कि चार साल के ब्रेक के बाद हाथीराम चौधरी की भूमिका में वापसी करने में उन्हें कोई खास मशक्कत नहीं करनी पड़ी। जयदीप अहलावत ने आगे कहा, सीजन 1 के आखिर तक हाथीराम ने खुद को आजाद महसूस कराया, उसे अपनी पत्नी, बेटे या सहकर्मियों के सामने खुद को साबित करने की जरूरत नहीं थी। वह अब पहले से ज्यादा शांत है और उसने अपनी परिस्थितियों को स्वीकार कर लिया है। आगे जयदीप अहलावत ने कहा, यह एक ऐसी भूमिका है जो मेरे बहुत करीब है और मैंने इसके साथ बहुत सारे यादगार पल बिताए और इसे फिर से निभाना घर वापस जाने जैसा था। सुदीप शर्मा द्वारा निर्मित, पाताल लोक 2, 17 जनवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

# धूम 4 में रणबीर कपूर का होगा नया लुक, अगले साल अप्रैल में शुरू होगी शूटिंग!

बड़े पर्दे पर एक बार फिर से धूम मचाने की तैयारी शुरू हो गई है। पहले ही यह खबर आई थी कि रणबीर कपूर बॉलीवुड की इस ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइज की अगली किस्त का हिस्सा होंगे। अब नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगले साल अप्रैल 2026 में इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। रणबीर इन दिनों मुंबई में संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर की शूटिंग कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, धूम 4 के लिए रणबीर कपूर एक नया लुक भी अपनाएंगे। अभी वह लव एंड वॉर के लिए आलिया भट्ट और विक्की कौशल के साथ शूटिंग कर रहे हैं। जबकि आगे वह नितेश तिवारी की रामायण में भी भगवान राम के रोल में नजर आने वाले हैं।

### धूम 4 में एकदम नए लुक में नजर आएंगे रणबीर कपूर

रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया है, रणबीर कपूर को धूम 4 के लिए एक अलग दिया जाएगा। लिहाजा, इसकी शूटिंग शुरू करने से पहले, वह अपने दो मौजूदा प्रोजेक्ट्स को पूरा करेंगे। धूम 4 अगले साल अप्रैल में फ्लोर पर आ जाएगी। प्रोडक्शन टीम फिलहाल फिल्म के लिए दो लीड एक्ट्रेस और एक विलेन की कास्टिंग में जुटी हुई है।

### साउथ सिनेमा से होगा फिल्म का विलेन

बताया जाता है कि फिल्म में विलेन के रोल के लिए किसी साउथ इंडियन सुपरस्टार को कास्ट करने की तैयारी है। बताया जाता है कि सूर्या को इसके लिए अप्रोच किया गया है। यशराज फिल्म्स की सुपरहिट धूम फ्रेंचाइज की पहली फिल्म 2004 में रिलीज हुई थी। उसमें जॉन अब्राहम के साथ अभिषेक बच्चन और उदय चोपड़ा थे। इसके बाद धूम 2 आई, जिसमें ऋतिक रोशन के साथ अभिषेक बच्चन और उदय चोपड़ा थे। जबकि धूम 3 में अभिषेक और उदय के साथ आमिर खान डबल रोल में थे।

### अभिषेक और उदय की जगह दो यंग स्टार्स!

बीते साल सितंबर में यह खबर आई थी कि धूम 4 पर आदित्य चोपड़ा की देखरेख में काम शुरू हो चुका है। फिल्म प्री-प्रोडक्शन फेज में है और पिछली तीन फिल्मों की तरह ही धूम 4 की स्क्रिप्ट आदित्य चोपड़ा ने विजय कृष्ण आचार्य के साथ मिलकर तैयार की है। धूम 4 में रणबीर कपूर ग्रे शेड में नजर आएंगे, जो एक रीबूट फिल्म होगी। इस बार फिल्म में अभिषेक बच्चन और उदय चोपड़ा की जगह पुलिस वाले दो दोस्तों की जोड़ी नजर आएगी, जिसके लिए यंग जेनरेशन के दो एक्टर्स को कास्ट किया जाएगा।





# तृप्ति के फिल्म से बाहर होने को अनुराग बसु ने बताया गलत

फिल्म आशिकी 3 की मेकिंग और रिलीज को लेकर सिनेमा प्रेमियों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। पहले खबरें आईं कि अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इस फिल्म में नजर आने वाली हैं, फिर उनके नाम को फिल्म से बाहर किए जाने की भी अपडेट सामने आई। आशिकी 3 से तृप्ति के बाहर होने को लेकर अब अनुराग बसु ने अपनी चुप्पी तोड़ी है।

### अनुराग बसु ने तृप्ति को लेकर कही ये बात

उन्होंने कहा कि मेकर्स ने फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ किसी अन्य अभिनेत्री को कास्ट करने का सोचा है। उन्हें अभिनेत्री में मासूमियत चाहिए, ऐसे में मेकर्स के हिसाब से तृप्ति इन मानदंडों पर खरी उतरती हैं। आशिकी 3 के निर्देशक अनुराग बसु ने चल रही अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है और मिड-डे से कहा है, यह सच नहीं है। तृप्ति भी यह जानती है।

### बॉक्स ऑफिस पर नहीं चली फिल्में

ऐसे में दो तरह की खबरें चर्चा में हैं। तृप्ति फिल्म का हिस्सा हैं ऐसा अनुराग बसु का कहना है। वहीं, जूम की एक रिपोर्ट की मानें तो आशिकी 3 में तृप्ति को कास्ट किया जाना था। हालांकि, मेकर्स का मानना है कि इस फिल्म में वो सेट नहीं हुईं, इसके कारण फिल्म से उनका नाम बाहर कर दिया गया है। फिल्म एनिमल के बाद तृप्ति लगातार अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। टी सीरीज की ओर से बयान जारी किया गया। इसमें कहा गया कि हम आशिकी के किसी सीक्वल हिस्से पर काम नहीं कर रहे हैं। हम किसी भी चल रही अफवाहों का स्पष्ट रूप से खंडन करते हैं जो यह सुझाव देती हैं कि आशिकी 3 को टी-सीरीज द्वारा किसी अलग शीर्षक के तहत बनाया जा रहा है। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित हमारी प्रस्तावित फिल्म न तो आशिकी 3 है और न ही आशिकी फ्रेंचाइजी का हिस्सा है।

### इन फिल्मों में नजर आने वाली हैं अभिनेत्री

तृप्ति डिमरी अपनी आगामी फिल्म धड़क 2 को लेकर भी चर्चा में हैं। वहीं, खबरों की मानें तो वे शाहिद कपूर के साथ भी एक फिल्म में नजर आ सकती हैं।



# बिग बॉस में पहले से ही तय होते हैं विनर्स!



टीवी का कॉन्ट्रोवर्शियल शो बिग बॉस-18 लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। अब शो धीरे-धीरे अपने फिनाले की ओर बढ़ रहा है। इसी बीच अब टीवी एक्ट्रेस और बिग बॉस सीजन 11 की विनर रह चुकीं शिल्पा शिंदे का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने शो के मेकर्स पर दर्शकों को उल्लू बनाने का आरोप लगाया है। इस वायरल वीडियो में शिल्पा शिंदे कहती हुई नजर आ रही है, मुझे नहीं पता, लेकिन कुछ लोगों को यह पता चल गया है कि मेकर्स ही विनर्स तय करते हैं। वे खुद ही चुनते हैं, अपने घर से उठाकर लाते हैं और दिखाते हैं। अब चैनल की जो भी स्ट्रेटजी हो, वह लोगों को भी पता चल गई है, इसलिए लोग अब शो ज्यादा नहीं देख रहे हैं, क्योंकि आप एक हद तक किसी को उल्लू बना सकते हैं।

### बिग बॉस 11 जीत चुकी हैं शिल्पा शिंदे

बिग बॉस सीजन 11 में शिल्पा शिंदे और हिना खान के बीच कड़ा मुकाबला था, लेकिन ट्रॉफी शिल्पा शिंदे ने जीती थी। हालांकि उस समय सोशल मीडिया पर कई लोगों का मानना था कि हिना खान ट्रॉफी जीतने की हकदार थीं। बता दें कि बिग बॉस सीजन 18 का ग्रैंड फिनाले 19 जनवरी को होगा।